हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025



# एमपी की शराब के साथ दो पकड़ाए, पुलिस ने दस किलोमीटर पीछा कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अल्टीस कार में अवैध रूप से मप्र निर्मित बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही थी। जिसकी सूचना पर पुलिस ने कार का फिल्मी स्टाईल में पीछा कर पकड़ा। कार की जांच करने पर लगभग तीन लाख 38 हजार 414 रुपए का शराब बरामद किया गया। इस मामले में दो आरोपी पकड़े गए हैं, अन्य की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। अवैध अंग्रेजी शराब तस्करों पर थाना बसंतपुर द्वारा कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर पुलिस को 5 दिसंबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि काला रंग का अल्टीस गाडी जो कि तुमड़ीबोड से राजनांदगांव की ओर आ रहा है। जिसमें भारी मात्रा में शराब भरा हुआ है।

## साढ़े तीन लाख की ब्रांडेड शराब पकड़ी गई

### जेल भेजे गए आरोपी

आरोपियों के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। मामले में फरार आरोपी पम्मे सरदार व अन्य की गिरफ्तारी के लिए पृथक-पृथक टीम लगाकर सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।



**इन ब्रांड की शराब पकड़ाई :** गाड़ी तलाशी लेने पर उक्त वाहन में मेकडॉवल नंबर-1 शराब 12 नग बोतल कीमती 9600 रुपए, मेकडावल नंबर -1, 41 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 8,241 रुपए, मध्यप्रदेश उत्पादन देशी मदिरा शराब 96 पौवा कीमती 10,176 रुपए, रॉयल चैलेंचर गोल्डी व्हिस्की 47 नग पौवा कीमती 12,220 रुपए, रॉयल स्टाग सुपिरियर व्हिस्की 180 नग बाटल कीमती 1,06670 रुपए, रॉयल स्टाग सुपिरियर व्हिस्की 138 नग पौवा कीमती 31,188 रुपए, सिंगनेचर प्राईम गैंग व्हिस्की 48 नग बाटल कीमती 66,768 रुपए, ओल्ड मंक 24 नग बाटल कीमती 17,232 रुपए, ब्लाईन्डर प्राईड प्रीमियम व्हिस्की 12 नग बाटल कीमती 16656 रुपए, ब्लाईन्डर प्राईड प्रीमियम व्हिस्की 143 नग पौवा कीमती 42,471 रुपए, गोवा व्हिस्की 30 नग बाटल कीमती 13860 रुपए, गोवा व्हिस्की 30 नग पौवा कीमती 3300 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त अल्टीस कार टोयोटा कंपनी कीमती लगभग 4 लाख रुपए एवं 2 नग रेडमी कंपनी का मोबाइल एवं एक नग सैमसंग कंपनी का मोबाइल कीमती करीबन 8000 रुपए जुमला रकम 7,46,414 रुपए को जब्त किया गया।

**कार का पीछा कर ठाकुरटोला के पास पकड़ा**

इस सूचना पर पुलिस स्टाफ आरके नगर चौक के पास नाकाबंदी पाईंट लगाकर आते-जाते वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान तुमड़ीबोड की ओर से राजनांदगांव की ओर आ रही अल्टीस कार टोयोटा कंपनी की कार को रूकवाने पर उक्त वाहन के चालक तेजी से कमला कॉलेज रोड़ से कौरिनभांठा की ओर से रायपुर की ओर भाग रहे थे। जिसका पीछे करते ठाकुरटोला चौक के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर पर चालक द्वारा अपना नाम मनोज आचार्य 38 साल निवासी बोरसी दुर्ग प्रगती मैदान के पास थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग और रोशन साहू 26 साल निवासी धौराभांठा थाना धमधा जिला बेमेतरा का रहने वाला बताया।

⏩ शेष पेज 14 पर

## तनावपूर्ण स्थिति, हालत काबू में करने पुलिस ने भांजी लाठी

# श्रीसीमेंट कंपनी के विरोध में किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली, चक्काजाम भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

श्री सीमेंट की प्रस्तावित खनन परियोजना की 11 दिसंबर को होने वाली जन सुनवाई को निरस्त करने की मांग को लेकर आज ग्रामीणों ने भारी ट्रैक्टर रैली निकाली। हाथों में तिरंगा और जुबान पर श्री सीमेंट प्लांट खोलने को लेकर सरकार के फैसले के विरोध में नारेबाजी करते हजारों किसानों का रेला छुईखदान एसडीएम आफिस पहुंचा, जहां उन्होंने प्लांट को लेकर अपनी चिंता जाहिर करते जनसुनवाई को रोकने और सरकार से अपना फैसला लेने की अपील की है। रैली में जंगलपुर, ओटेबंद, संडी, बुंदेली सहित आसपास के कई गांव के किसानों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

किसानों का कहना है कि प्रस्तावित प्लांट और खदान का इलाका पहले से मैदानी क्षेत्र है। सघन आबादी वाला इलाका है और पूरी जमीन सिंचित उपजाऊ है। प्लांट या खदान खुलने से उनके सामने खेती किसानी को लेकर समस्या हो जाएगी। वहीं बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले हजारों की संख्या में किसान अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से ट्रैक्टर रैली निकाल छुईखदान की ओर कूच कर रहे थे, लेकिन रैली शहर पहुंचने आने से पहले ही पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनज़र आमगांव तिराहा चौक पर बैरिकेट्स लगाकर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया था। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने सख्त व्यवस्था बनाई थी।



**पुलिस ने हवा में लहराई लाठियां :** प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण होता देख पुलिस ने स्थिति काबू में करने के लिए हवा में लाठियां भी लहराई। बताया गया कि प्रदर्शन स्थल पर कुछ उपद्रवी लोगों ने बेरिकेडिंग को तोड़ा और पुलिस को दौड़ाने की कोशिशें की। जिसके बाद ही पुलिस ने लाठियों को हवा में लहराकर स्थिति पर काबू पाया।

### चार सौ के आसपास ट्रैक्टरों मे पहुंचे किसान

ट्रैक्टर रैली छुईखदान ब्लॉक के बुंदेली, मैन्हर और पंडरिया होते हुए उदयपुर पहुंची, जहां रैली का नेतृत्व कर रहे किसान नेताओ ने पूर्व सांसद स्व. देवव्रत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। चौक में सभी गाड़ियों के एकत्र होने के बाद काफिला छुईखदान पहुंचा। अपने वर्तमान और भविष्य को लेकर चिंतित लगभग 10 हजार किसान प्रदर्शन में शामिल हुए। जिनमें ज्यादातर युवा और महिलाएं थी। बुंदेली, पंडरिया, भरदा, संडी, विचारपुर और आसपास के गांवों से किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों में 25 से 30 लोगों को बैठाकर प्रदर्शन में शामिल हुए।

### ज्ञापन सौंपने के बाद भी डटे रहे किसान

किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर भी डटे रहे। जिसमें लगभग 400 ट्रैक्टर में आए लोगों ने रैली निकालकर सीमेंट फैक्टरी का विरोध जताया, फिर किसान कलेक्टर से मिलने नारे लगाने लगे। कलेक्टर से बात की मांग को लेकर महिलाओं ने भी अपनी जिद बना ली और लगातार घंटों तक तहसील के सामने डटे रहे। जिसमें लगभग डेढ़ हजार महिलाएं सड़क पर बैठ गई।

### पंचायतों ने की लिखित आपत्ति

प्रस्तावित खदान क्षेत्र के 10 किलोमीटर दायरे में आने वाले 39 गांव ने लिखित आपत्ति दर्ज करते हुए परियोजना का विरोध किया है। संडी, पंडारिया, विचारपुर और भरदागोड़ पंचायतों ने अपने ग्रामसभा प्रस्तावों में स्पष्ट कहा है कि वे चूना पत्थर खदान को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि खदान खुलने पर जलस्रोत, कृषि, पशुपालन और पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडराएगा। ग्रामसभा से शुरू हुआ यह विरोध अब गांवों की सीमाओं को पार कर विधायक कार्यालयों, युवा संगठनों और सामाजिक संस्थाओं तक पहुंच चुका है। खदान के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया के तहत 11 दिसंबर को जनसुनवाई नियत है, लेकिन आज के विरोध प्रदर्शन में लोगों के हुजूम को देखते हुए इसे लेकर प्रशासन पर दबाव बढ़ रहा है।

### मांगों पर नहीं बनी सहमति तो बड़ा हो जाएगा आंदोलन

किसानों का कहना है कि जब 39 गांव औपचारिक रूप से परियोजना को अस्वीकार कर चुके हैं तो जनसुनवाई का कोई औचित्य नहीं बचता। ग्रामीणों के व्यापक विरोध, पंचायतों की दो टूक आपत्तियों और राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के समर्थन से यह आंदोलन प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। यदि मांगों पर सहमति नहीं बनी तो विरोध और भी व्यापक रूप ले सकता है।

## समिति प्रबंधक और पटवारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

# विस अध्यक्ष के प्रयास से बढ़ी धान खरीदी लिमिट, सोमवार से उठाव की भी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में जारी धान की सरकारी खरीदी के बीच शनिवार को जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने सभी समिति प्रबंधक एवं पटवारियों की एक अहम बैठक ली। इस बैठक में आने वाले दिनों के प्लान को लेकर निर्देश भी जारी किए गए।

बताया गया कि समितियों से चर्चा के बाद खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग सामने आई। जिसके बाद स्थानीय विधायक एवं विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्र लिखकर शासन से खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग की थी। जिसको मंजूरी भी मिल गई है। सोमवार से सभी खरीदी केंद्रों में अधिक धान की खरीदी हो पाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार करीबन दो घंटे चली इस बैठक में धान खरीदी एवं अवैध धान को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने साफ तौर पर सभी को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना की जाए। वहीं गड़बड़ी के बारे में पता चलने पर उसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों से छोटे किसानों को लेकर कहा कि उन्हें अधिक से अधिक ऑफलाइन टोकन देने पर जोर दिया जाए। जिससे छोटे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। समिति प्रबंधकों से भी कलेक्टर ने खरीदी के संबंध में आ रही दिक्कतों के बारे में पूछा, जिस पर अधिकांश प्रबंधकों ने केवल खरीदी लिमिट बढ़ाने की ही बात रखी थी। जिसको लेकर अब खरीदी लिमिट बढ़ाए जाने की भी खबर सामने आ गई है।



### 51 मिलर्स का पंजीयन, कटेगा डीओ

उल्लेखनीय है कि पिछले 14 नवंबर से शुरू हुई धान की खरीदी में अब तक उठाव शुरू नहीं हो पाया था। जिले के 90 राईस मिलर्स में से अब तक 51 ने उठाव को लेकर अपना पंजीयन भी करा लिया है। जिसके बाद अब कल यानि सोमवार से उठाव की शुरूआत भी होने जा रही है। बताया गया कि प्रशासन कल से डीओ काटने का काम शुरू कर देगा। जिसके बाद धान का उठाव हो पाएगा।

# बार्डर पर पुलिस-नक्सली मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मध्यप्रदेश की हॉकफोर्स एमएमसी जोन के नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। शनिवार की सुबह सर्चिंग आपरेशन के दौरान सुरक्षा बल और नक्सलियों का आमना-सामना हुआ।

बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एक्सचेंज आफ फायर के बाद जंगल में मौजूद नक्सली डेरा छोड़कर भाग खड़े हुए। उनके ठिकानें से रोजमर्रा के सामान, दवाईयां, साहित्य और कुछ अन्य वस्तुएं बरामद की गई है।

बताया जा रहा है कि फोर्स और नक्सलियों का आमना-सामना उस जगह के करीब ही हुआ, जहां 19 नवंबर को मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में हॉकफोर्स के निरीक्षक आशीष शर्मा शहीद हो गए थे। यह जंगल बालाघाट और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की सीमा पर मौजूद है। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की सरहदी सीमा पर किसी तरह का आपरेशन शुरू किए जाने की कोई पुष्टि अधिकारियों ने नहीं की है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को ही राजनांदगांव पुलिस ने एमएमसी जोन के नक्सलियों से सरेंडर की अपील की है। इससे पहले 26 नवंबर को स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर और एमएमसी जोन के प्रवक्ता ईनामी नक्सली विकास नागपुरे ने अपने 10 साथियों के साथ गोंदिया में महाराष्ट्र पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था।

### हादसों के ब्लैक पाइंट पर पहुंची टीम

राजनांदगांव। नेशनल हाईवे में दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में सुधार कार्य किया जा रहा है। जिससे दुर्घटनाओं पर विराम लग सके। जिला राजनांदगांव क्षेत्र राजमार्ग में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक नवरतन कश्यप यातायात प्रभारी, एनएचएआई इंजीनियर एवं एनएचएआई टीम द्वारा पूर्व में दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण उपरांत दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में सुधार कार्रवाई किया जा रहा है। जिसमें आरके नगर चौक, बीजेपी कार्यालय के सामने केट्स आई लगाया गया। आरके नगर चौक में ब्रेकर मार्किंग, भानपुरी नदी कोपेडीह तिराहा के पास पेड़ों की कटाई, पारस डायग्नोस्टिक के पास हाईमास्ट लाईट रिपेरिंग, चिचोला झूरानदी मोड़ में शेवरान साईन बोर्ड, लेफ्ट राईट का साईन बोर्ड, केट्स आई लगाया गया है। पुलिस के अनुसार जिले के अन्य दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का चिन्हांकन कर संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर दुर्घटना रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। पुलिस की जनता से अपील है कि उपरोक्त दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों से गुजरते समय सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं एवं सुरक्षित रहे।



## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

MAHINE KI SHURUAAT
BACHAT BHI, FREE GIFT BHI!
शॉपिंग करे मुफ़्त उपहार पाएं
ऑफर का अंतिम दिन आज ही फायदा उठाए
मुफ्त ₹1999 | मुफ्त ₹2999 | मुफ्त ₹4999 | मुफ्त ₹5999 | मुफ्त ₹8999
"कृपया ध्यान दें, ऑफर आर्टिकल आपको केवल ₹1 के प्रतीकात्मक शुल्क पर उपलब्ध कराया जा रहा है। यह शुल्क सिर्फ बिलिंग प्रक्रिया को दर्ज करने हेतु रखा गया है। आपका सहयोग हमारे लिए अत्यंत मूल्यवान है।"
डेली एसेंशियल & ग्रॉसरी
शक्कर 1 किलो — शुभम मूल्य ₹45
तूर दाल फटका कोरा 1 किलो — शुभम मूल्य ₹117, MRP ₹ 299, बचत ₹ 182
ज़ोर कड़क चाय 1 किलो — शुभम मूल्य ₹179, MRP ₹ 300, बचत ₹ 121
ब्रिटानिया गुड डे काजू कुकीज़ बिस्कुट 905 ग्राम — शुभम मूल्य ₹139, MRP ₹ 286, बचत ₹ 147
चावल HMT पोस्टमैन 1 किलो — शुभम मूल्य ₹51, MRP ₹ 60, बचत ₹ 9
आशीर्वाद आटा 5 किलो — शुभम मूल्य ₹233, MRP ₹ 263, बचत ₹ 30
नॉर सूप (फैमिली पैक) 1 packet — शुभम मूल्य ₹49
बॉडी लोशन सभी कंपनी वेसिलीन, निविया, इमामी, फ्लोरोज़ोन, (बड़ा, अतिरिक्त बड़ा पैक) — BUY 1 GET 1 FREE
पीयर्स प्योर एंड जेंटल सोप 125 ग्रामx5 — शुभम मूल्य ₹259, MRP ₹ 363, बचत ₹104
सर्फ एक्सेल ईज़ी वॉश पाउडर 7KG — शुभम मूल्य ₹699, MRP ₹ 1030, बचत ₹ 331
एवरेस्ट मसाला सभी वैरिएंट — FLAT 15% OFF
डाबर च्यवनप्राश 950ML — शुभम मूल्य ₹375, MRP ₹ 450, बचत ₹ 75
स्नग & ड्राई प्रीमियम पैंट साइज़ S,M,L,XL — BUY 1 GET 1 FREE
स्टेफ्री सिक्योर एक्स्ट्रा लार्ज 18 पैड — शुभम मूल्य ₹99, MRP ₹ 124, बचत ₹ 25
थोक गुड़ 1 किलो — शुभम मूल्य ₹55, MRP ₹ 100, बचत ₹ 45
शुभ शहद 1 किलो/500 ग्राम — BUY 1 GET 1 FREE, MRP ₹450/₹250
शुभम के मार्ट® शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !
रायपुर स्टोर: संतोषी नगर | पंडरी | पुरानी बस्ती | श्रीनगर | कोटा | सरोना | कमलविहार | देवेन्द्र नगर | चंगोराभाठा | भाठागांव | अश्विनी नगर
सराईपाली | जुनवानी, भिलाई | पलारी | राजनांदगांव | भाटापारा | धमतरी | जैजैपुर | अकलतरा | पोटिया रोड, दुर्ग | अभनपुर
अंजोरा | नवापारा राजिम | बालोद | खैरागढ़ | कवर्धा | उतई | शिवरीनारायण | सिमगा | बेमेतरा | पाटन | बेरला | खरियार रोड
कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110
नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक | दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |
• छत्तीसगढ़ • राजस्थान • गुजरात • ओडिशा
FOLLOW US ON: shubhamkmartoficl | Shubham K Mart | @shubhamkmart2926

## खबर संक्षेप

### देश की रक्षा में आदिवासियों का बड़ा योगदान

**छुरिया।** रानी सूर्यमुखी देवी शासकीय महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। वक्ता के रूप में आत्माराम चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, राजेश्वर ध्रुवे, प्राचार्य सुषमा चौरे, प्रोफेसर श्री भाटिया शामिल हुए।इस दौरान श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्राचीन इतिहास में आदिवासी समुदायों ने साहस, संस्कृति, स्वाभिमान और प्रकृति-संरक्षण की अनोखी परंपरा का उल्लेख है। जंगल, पहाड़ और नदियाँ इनके जीवन का हिस्सा ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शक्ति का स्रोत रहे हैं। जनपद अध्यक्ष सिन्हा ने बताया कि आदिवासी समाज ने हजारों वर्षों से अपनी विशिष्ट कला, नृत्य-संगीत, कौशल, लोक ज्ञान और प्राकृतिक चिकित्सा को सुरक्षित रखा है, जो भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाता है। प्राचार्य श्रीमती चौरे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे।



### शिवपुरी में मृदा परीक्षण

**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से ग्राम पंचायत शिवपुरी में मृदा परीक्षण कराया। कार्यक्रम में किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व, मिट्टी की उर्वरता एवं फसल उत्पादन में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान पौधरोपण किया गया । इस मौके पर समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के नंदलाल साहू, सोमनाथ चावले, सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य तथा 15 गांव के सीआरपी सदस्य मौजूद थे।




### संविधान वेत्ता को कांग्रेस ने किया नमन

**छुईखदान।** जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ने संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय छुईखदान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत को लोकतंत्र को मजबूत और दूरदर्शी संविधान डॉ. अंबेडकर ने दिया। उन्होंने समानता, न्याय और अधिकारों की जो राह दिखाई उससे देश आगे बढ़ रहा है। सभा की शुरुआत में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट मौन रखा गया। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में गिरिराज किशोर दास, भीखम छाजेड़, सज्जाक खान, संजय महोबिया, गुलशन तिवारी, रिंकू गुप्ता, दयालु वर्मा, मनोहर सेन, आलोक यादव, मनीष कोचर, दीपक वैष्णव, कमलेश यादव, प्रकाश महोबिया सहित अन्य उपस्थित थे।



### जिला स्तरीय महिला खेल 8 को

**डोंगरगढ़।** जिला स्तरीय महिला खेल का आयोजन आगामी 8 दिसंबर को स्थानीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय डोंगरगढ़ में रखा गया है। स्पर्धा में चारों विकासखंड के चयनित खिलाड़ी 100 मीटर, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक, खो खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती एवं रस्साकशी में शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान, विजय राज सिंह अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, दिनेश सकते, राहुल यादव, के विनायक राव, जय किशोर, मुकेश सहारे, ओम प्रकाश महानदी, हरीश भंडारी, कृष्ण गुप्ता, मनोज साहू शामिल होंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामजी भारती होंगे। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जसमीत सिंह बन्नोआना, सुरेंद्रसिंह बन्नोआना, प्रकाश चौरडिया, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सत्य प्रकाश मिश्रा, अमित जैन, सरफराज सरफु, विनीत यादव, सुमित मिश्रा, सविता दरगढ़, अलका जय सहारे लक्ष्मी यादव हिस्सा लेंगी।

### डॉ. अम्बेडकर को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**डोंगरगढ़।** बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बौद्ध समाज के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तहसील कार्यालय स्थित प्रतिमा के समक्ष बौद्ध उपासक उपसिकाओं ने परित्राण पाठ किया। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने उनके बताए मार्ग का अनुकरण करने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेष वर्मा, मुन्नालाल नंदेश्वर, धीरज मेश्राम, शैलेन्द्र डोंगरे, नलिनी मेश्राम, योगेश चौरे, संतोष मेश्राम, उमेश हत्थेल, सुरेश सहारे, विजय राज चौहान, प्रकाश महानदी, संजु गुमास्ता, धन्ना गणवीर, संघकीर्ति नंदेश्वर, कैलाश्श सोनवानी, निर्भयदास चोखंद्रे, विशु खांडेकर, प्रमोद टेम्भुलकर, राकेश भावते, राजकुमार नंदेश्वर, भंते सारिपुत्र नागराज, कुमार कश्यप मौजूद थे।



### प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**छुईखदान।** दुबेलिया तेली साहू समाज ब्लॉक इकाई छुईखदान द्वारा ग्राम भूरसाटोला में 7 दिसंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। समाज के केंद्रीय सहसचिव सीआर साहू ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन मेधावी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाता है। समारोह में पांचवीं, आठवीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शिरकत करेंगे। अध्यक्षता केंद्रीय दुबेलिया तेली साहू समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शिव कुमार साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खम्मन ताम्रकार अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि की उपस्थित रहेंगे। समारोह में समाज के संरक्षक, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्वजातियों के शामिल होने की संभावना है।



### अशोक भाई पटेल का निधन

**डोंगरगढ़।** अशोक भाई पटेल का आकस्मिक निधन हो गया है। वह तरुण पटेल के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

---

गड्ढों को भरने एवं कूड़ा करकट हटाने चलाया जा रहा है स्वच्छता श्रमदान

# सीएम कार्यक्रम के बाद कचरे से भरे मैदान की शुरू हुई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

सीएम कार्यक्रम के बाद नगर के एक मात्र मैदान को उसके मूल स्वरूप में लाने के लिए नागरिकों ने श्रमदान अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को स्वच्छता अभियान के तहत मैदान से कूडा कचरा उठाया गया एवं टैंट शमियाना के लिए खोदे गए गढढे को भरा जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का तीन दिसंबर को नगर आगमन हुआ था। वे जनजातीय गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करने नगर आए थे। सीएम की सभा व सम्मान समारोह नगर के एक मात्र खेल मैदान में हुआ था। वार्ड 4 के टाइबल कालोनी में स्थित इस मैदान में सीएम की सभा व जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक सप्ताह से तैयारिया चल रही थी। मैदान में सभा व कार्यक्रम के लिए पूरे मैदान में सीएम कार्यक्रम का डोम व शमियाना, टैंट तथा जगह जगह पंडाल लगाए गए थे। सीएम का कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल रहा।

मैदान में नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चैकी के तीनो विकासखण्डों से दस हजार से अधिक वनवासी आदिवासी भाई व बहने शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद पूरा मैदान पालीथीन कागज के कचरों से भरा हुआ था। जिसे हटाने व साफ करने के लिए नगर पंचायत एवं स्थानीय खिलाड़ियों की ओर से पहल के साथ प्रयास शुरू हो गया है। शनिवार को नगर के एक मात्र खेल मैदान की साफ सफाई व मैदान को उसके मूल स्वरूप में लाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी स्वंय आगे आए। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी निकाय की स्वच्छता दीदियो एवं स्वच्छता मित्रों को साथ लेकर प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया। श्रमदान मुहिम के तहत नगर अध्यक्ष ने मैदान में उपस्थित रहकर निकाय कर्मियों के साथ स्वच्छता अभियान का संदेश देते नजर आए। उनकी इस मुहिम में निकाय के उपयंत्री योगेश्वर ठाकुर, सफाई दरोगा लोकेश सलामे के अलावा स्थानीय खिलाडी संघ से जुडे भाजपा नेता विमल यादव, वैभव रंगारे, नरेश यादव, बंटी यादव, पोषण सिन्हा, शिखर वर्मा सहित काफी संख्या में नगर के खिलाड़ी व स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।



#### गड्ढों को भरा जाएगा

मैदान को खेल के अनुरूप बनाने के लिए गढढो को भरने से पहले कंकड पत्थरो को हटाया जाना जरूरी है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की मैदान को खेल के अनुरूप बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होने कहा की खिलाड़ियों को यदि हमने सहयोग नही किया तो यंहा पर खेल हो पाना ही संभव नही है। इसलिए सभी से सहयोग लेकर पहले मैदान को ठीक कराया जाएगा।

#### मैदान में खेल प्रतियोगिताएं शीघ्र

नगर में प्रति वर्ष बोर्ड परीक्षाओं से पहले बडी खेल प्रतियोगिताए होती है। यंहा का अन्तर्राज्यीय डयूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता व आखिल भारतीय फुटबाल स्पर्धा का प्रदेश में अपना विशिष्ठ स्थान है। बताया गया की दिसंबर महिने के अंत या जनवरी महिने के प्रथम सप्ताह यंहा पर अन्तर्राज्यीय डयूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने की कवायद चल रही है। इसके बाद सीपीएल की तैयारी भी शुरू हो गई है। इसलिए मैदान को उसके मूल स्वरूप में लाने के लिए जी तोड प्रयास शुरू हो गई है।

#### मैदान में नहीं होगा मांगलिक आयोजन

नगर में खिलाडियो के खेलने के लिए एक मात्र मैदान बचा हुआ है। ब्लाक व तहसील मुख्यालय होने बाद भी आज तक यहां पर एक सर्वसुविधायक्त स्टेडियम का निर्माण नही हो पाया है। नगर में सत्ता पक्ष व विपक्ष के भारी भरकम नेता होने के बाद भी अंबागढ चौकी को एक स्टेडियम नही मिल पाया है। इधर मैदान सुरक्षित नही होने व चारों तरफ से खुला होने के कारण यंहा पर आए दिन शादी ब्याह, सगाई, जन्मदिन, तेरहवी, दशगात्र सहित कई सामाजिक कार्यक्रम भी होते है। जिससे मैदान को बिना अनुमति के खोद दिया जाता है। जिससे खिलाडियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पडता है। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मैदान में मांगलिक, पारिवारिक व सामाजिक कार्यक्रम में पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

---

## वार्षिक उत्सव और मैगजिन का विमोचन



**राजनांदगांव।** सरकारी इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय गंजपारा में मंगलवार को वार्षिक उत्सव, एलुमिनी मीट एवं विद्यालय की प्रथम वार्षिक मैगज़िन 'इग्नाइट' के विमोचन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पूर्व छात्र भीखम छाजेड़ (1987), कुशलचंद बैद (1984), डॉ. प्रकाश सदानी, डॉ. राजेश सदानी, गौतम पारख तथा महेन्द्र जैन उपस्थित रहे। मैगज़िन 'इग्नाइट' का विमोचन एसएमसी मेंबर एवं पूर्व छात्र, वार्ड 39 के पार्षद रवि सिन्हा, प्राचार्य सुनीता खरे एवं प्रधान पाठिका राबिया शादाब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर सैनिक विद्यालय में चयनित नुव्यांश साहू, नवोदय विद्यालय में चयनित नैतिक साहू तथा हॉकी खिलाड़ी ख्याति साहू का सम्मान किया गया। साथ ही शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी छात्र सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिनमें देशभक्ति, कला एवं सांस्कृतिक समृद्धि के विभिन्न रंग देखने को मिले। विद्यालय परिवार, आयोजन समिति एवं पूर्व छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

#### प्रस्तुति की सराहना

पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि आज सरकारी इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव एवं मैगजिन 'इग्नाइट' के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। यह विद्यालय बच्चों की शिक्षा, संस्कृति, खेल एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यहां के विद्यार्थी हमारे शहर का गौरव है और उनकी प्रतिभा भविष्य में निश्चित ही नई ऊंचाईयां प्राप्त करेगी।

---

# जिसे वृंदावन थाम ले, वह कहीं बाहर नहीं जा सकता

■ श्रीमद भागवत कथा का वाचन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान



वृंदावन में आयोजित भागवत कथा में आचार्य गोपेश शरण महाराज ने कहा कि जन्म–जन्मांतर के पुण्यों के जागृत होने पर ही मानव के हृदय में प्रभु के प्रति गहरा भाव उत्पन्न होता है। यही भाव जब निरंतर प्रबल होता है, तब व्यक्ति को वृन्दावन आने का सौभाग्य मिलता है। यह सौभाग्य भी ऐसा होता है जो क्षय नहीं होता, क्योंकि राधा रानी सरकार और बांके बिहारी की कृपा बिना वृन्दावन की धूल भी किसी को नसीब नहीं होती।

कथा के तीसरे दिन भगवताचार्य गोपेश शरण महाराज ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि भगवान इस युग में शब्द ब्रह्म स्वरूप श्रीमद्भागवत में साक्षात प्रकट हैं। कलियुग में नाम ही सर्वोपरि है, इसी कारण सभी ऋषि-मुनियों ने सर्वसम्मति से नाम को ही कल्याणकारक बताया है। आचार्य श्री ने वृन्दावन की दिव्यता का वर्णन करते हुए कहा कि जहाँ भाव सत्य होकर प्रकट होता है, वहीं बिहारी तुरंत दर्शन देने के लिए उपलब्ध हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वृन्दावन आने की कोई हमारी योग्यता नहीं, यह केवल प्रभु की असीम कृपा है। जिसे यह कृपा मिल गई, वृन्दावन उसे फिर कभी नहीं छोड़ता।

#### पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ के सैकड़ों श्रद्धालु वृन्दावन पहुँचे हैं। छुईखदान से राजपुरोहित पं. विपिन प्रसाद तिवारी, संजीव दुबे, शरद श्रीवास्तव, समर्थ श्रीवास्तव सहित अनेक भक्त कथा में सहभागिता निभा रहे हैं।

---

# धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था देखकर भड़की कांग्रेस विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गुरुवार को बैहाटोला, आमदानी, ईटार और पांडादाह धान खरीदी केंद्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान पांडादाह धान खरीदी केंद्र में गंभीर अनियमितताएं मिलीं, जिसके बाद विधायक श्रीमती बघेल प्रबंधक पर जमकर बरसीं और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। विधायक ने पाया कि अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को भारी परेशानी हो रही है। टोकन के लिए किसान भटकने मजबूर हैं। प्रबंधक द्वारा रजिस्टर को सही ढंग से मेंटेन नहीं किया जा रहा है जिससे टोकन वितरण में विलंब हो रहा है।

#### लक्ष्य से कम खरीदी

विधायक ने हैरानी जताई कि धान खरीदी का निर्धारित लिमिट होने के बावजूद भी किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा है। किसान धान बेचने के लिए चिंतित हैं। विधायक ने प्रबंधक को फटकार लगाते हुए तुरंत सभी अनियमितताओं को दूर करने और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सुरजीतसिंह ठाकुर, कमलेश वर्मा, देवकांत यद्ु, तेजराम वर्मा, रिंकू महोबिया आदि उपस्थित थे।

---

## निषाद समाज ने जताया शोक

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज के पूर्व पदाधिकारी एवं पूर्व जनपद सदस्य सांकरा निवासी सोमनाथ निषाद का 4 दिसम्बर को निधन हो गया। समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि श्री निषाद अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर निषाद समाज के जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, गिरधर निषाद, चैनकुमार निषाद, टीकम निषाद, लोकेश निषाद, एसआर निषाद, बसंत लारिया, विजय निषाद, सुशीला निषाद, हेमलता निषाद, मौजीराम निषाद आदि ने गहरा दुःख जताया है।

### निषाद समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक कल 7 दिसम्बर को सामाजिक भवन कौरिनभाठा में रखी गई है।

बैठक में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन लाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद शामिल होंगे। जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में प्रदेश संगठन के चुनाव व सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

---

### जिला कार्यकारिणी का गठन

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अधिकारी-कर्मचारी जिला कार्यकारिणी का गठन मोहला के लोक जनशक्ति सामुदायिक भवन में 29 नवंबर को किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से अमर सिंह ठाकुर को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अध्यक्ष के रूप में मनोनयन किया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से सेवानिवृत्त आईपीएस जेआर ठाकुर को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। सामाजिक प्रतिनिधियों ने इसके अलावा जेआर मार्गे, दौलत कारटे एवं फुलबाई आर्य को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार तारम सचिव, पीआर नायक कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी तरह एमआर नायक, तुलाराम पिस्दा एवं काशीराम रावटे को सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही चेतनलाल भंडारी, डीएल भुआर्य, सोमनाथ भंडारी, महेंद्र सिंह गोआर्य, केमन लाल माहले, एनआर ढालेन्द्र, घनाराम भुआर्य, लिखनलाल गावरे, लालाराम भुआर्य एवं भगतराम भंडारी कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। इस अवसर पर सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्ति जेआर ठाकुर एवं निर्वाचन अधिकारी जेआर मार्गे के दिशा-निर्देशन में सामाजिक नियमावली एवं बॉयलज के अनुसार पारदर्शी तरीके से संपन्न किया गया। समारोह को संबोधित करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी जेआर ठाकुर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते उन्हें समाज के सर्वांगीण विकास हेतु पूरी निष्ठा, लगन एवं निःस्वार्थ भाव से कार्य करने की अपील की।



---

अतिथियों ने आयोजन को बताया गौरवशाली

# केन्द्रीय विद्यालय के खेल महोत्सव में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 5 दिसंबर को वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एडीईएन रेलवे के अध्यक्ष ऋषभ यादव, विशिष्ट अतिथि कुमार निरंजन सिंह, मुन्नालाल नंदेश्वर, मनोज गुप्ता, पूर्णिमा साहू थी। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एसआर कुजूर ने की। कबड्डी अंडर -19 के फाइनल मैच में छात्र वर्ग में रमन सदन और छात्रा वर्ग खो- खो में भी रमन सदन विजेता रही। अतिथियों ने विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया। स्पर्धा का शुभारँभ दीप प्रज्जवलन और ध्वज का आरोहण के साथ हुआ।

मशाल प्रज्जवलित किया गया जिसे खेल प्रतिनिधि आर्यन वर्मा, सुरस्वरित चंद्राकर, पोषण वर्मा, डी संतोष, सुजल वर्मा, आर्यन भालेकर, नयन निर्मलकर, वैभवी देशमुख, आस्था गिरधर, डी.रेणुका ने ग्रहण कर निर्धारित स्थान पर स्थापित किया गया।

#### शिक्षक भी उतरे मैदान में

खेल प्रतिनिधि नयन निर्मलकर ने सभी विद्यार्थियों की ओर से खेल भावना से खेलने की शपथ ली। शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन सदन के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया। प्राथमिक वर्ग के लिए जलेबी रेस, रेडी फॉर स्कूल ड्रेस, सेक रेस तथा माध्यमिक वर्ग के लिए 100, 200 और 1500 मीटर रेस, रिले रेस तथा सेकेंडरी छात्र और अध्यापकों के बीच वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले विवेक सिन्हा, मोक्षिका साहू, नूपुर सिन्हा, प्रतिभा सिंह परते, रिया ठाकुर, अंशु भारती, अभिषेक रावत, नम्रता, यमन पटेल, आयुष कुमार यादव को पुरुस्कृत किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्री कुजूर ने स्वागत भाषण दिया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, पहाड़ी लोक नृत्य, योग मुद्राओं पर आधारित विशेष प्रस्तुति दी। अंत में मिताली मन्हास ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्पर्धा का प्रतिनिधित्व मिताली मन्हस, दीपिका पारधी ने किया। संचालन संतोष कुमार, जीएस आर्या, जूही शर्मा ने किया।

---

# कांग्रेस भवन के सामने होगा किसान सम्मेलन



**छुईखदान।** आगामी 8दिसंबर को होने वाले किसान सम्मेलन को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं नेताओं द्वारा शनिवार को स्थल चयन किया। सर्वसम्मति से सम्मेलन का आयोजन कांग्रेस भवन छुईखदान के सामने खुले परिसर में करने का निर्णय लिया गया। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में हजारों किसानों के पहुंचने की संभावना है जिसके मद्देनज़र व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। तैयारियों की समीक्षा के लिए नवाज खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, गिरिराज किशोर दास, भीखम छाजेड़, सज्जाक खान, संजय महोबिया, रिंकू गुप्ता, गुलशन तिवारी, मनीष प्रकाश ने बैठक आयोजित की, जिसमें मंच में बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा स्वागत व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

#### सौंपा गया जिम्मेदारी

आयोजन को सफल बनाने क्षेत्र के नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिन्हें निर्धारित कार्य योजना के अनुसार अपनी भूमिका निभाने कहा गया है। सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। किसानों में भी कार्यक्रम को लेकर रुचि देखी जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## भीम के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि अवसर पर बौद्ध समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर के तुलसीपुर स्थित अंबेडकर संस्कृत भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान से जीवनदान का संदेश देने बढ़-चढ़कर युवाओं ने रक्तदान किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर विभिन्न आयोजन किए गए। इस दौरान बौद्ध कल्याण समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर समाज के पदाधिकारी एवं रक्तदान प्रभारी संदीप कोल्हाटकर ने बताया कि विगत 11 वर्षों से इस दिन पर भीम के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जहां हर समाज के लोग शामिल होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि के रूप में रक्तदान करते हैं। अंबेडकर भवन में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान सभी जाति व धर्म के लोगों ने रक्तदान करने हिस्सा लिया। रक्तदान करने लगभग 150 लोगों ने अपना पंजीयन कराया हुआ था। 11 से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा।

### ग्रामवार प्रगतिरत व अप्रगतिरत कार्यों की ली जानकारी

# जिपं सीईओ ने की पंचायतों में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागीय योजना अंतर्गत पंचायतों में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सीईओ सिंह ने ग्रामवार एवं ब्लॉकवार प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, 15वें वित्त आयोग, जिला एवं जनपद पंचायत विकास योजना, लोक शिक्षण मद, समग्र शिक्षा योजना, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, सांसद क्षेत्र एवं विधायक क्षेत्र विकास योजना एवं अन्य योजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की जानकरी ली।



### समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश

सीईओ ने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को निरस्त कर वसूली की कार्रवाई करने कहा। साथ ही सीसी रोड, नाली निर्माण, मंच निर्माण, शेड निर्माण सहित अन्य छोटे-छोटे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर यूसी एवं सीसी कार्यालय जिला पंचायत में प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने कहा। मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन मरम्मत का प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करने कहा गया। बैठक में जिला पंचायत के अधिकारी एवं जनपद पंचायत के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी, सहायक अभियंता एवं उप-अभियंता तथा तकनीकी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मजदूर कल्याण की योजनाएं अंतिम छोर के मजदूर तक पहुंचे

### योजनाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने श्रमिक कल्याण की योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने हेतु प्रदेश के विभिन्न जिलों का व्यापक दौरा किया। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं व मजदूरों से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा मजदूर कल्याण की योजनाओं से अवगत कराया। श्री मिश्रा ने कहा कि देश की आबादी का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा मजदूरों का है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा देने, उनके जीवन स्तर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उन्नति के लिए अनेक योजनाएं चल रही है। जिनके प्रचार-प्रसार व योजनाओं से वंचित मजदूरों को जोड़ने का भागीरथ प्रयास कार्यकर्ता बंधुओं को करना होगा। जिससे वंचित वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके। श्री मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में बैठी विष्णुदेव साय सरकार श्रमिक कल्याण हेतु दृढ़ संकल्पित होकर सभी जनहित की योजनाओं को अंतिम छोर के मजदूर के जीवन स्तर को उठाने लाभदायक हो सके, इस हेतु प्रयासरत है।

### बैठक लेकर किया निर्देशित

श्री मिश्रा ने बताया कि इस दौरान वे बिलासपुर कोरबा अंबिकापुर जिले का भ्रमण कर अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें निर्देशित किया कि श्रमिक कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भवन संनिर्माण, असंगठित कर्मकार, सामाजिक सुरक्षा मंडल, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की और प्राप्त आवेदन एवं निराकृत आवेदनों का ब्यौरा लिया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

## संजीवनी एक्सप्रेस के कर्मियों को नहीं मिला दो माह का वेतन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस के कर्मचारियों को दो माह से वेतन न दिए जाने का विरोध करते कहा है कि यह कृत्य बेहद अमानवीय है। एक ओर नए श्रमिक कानून में न्यूनतम रोजी से लेकर स्वास्थ्य सुविधा, असंगठित सेक्टर के लिए कोई ठोस नीति सरकार नहीं बना पाई है। दूसरी ओर वेतन रोकने का कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा अधिकारियों से चर्चा करने पर जानकारी दी गई कि विगत दो माह से संचालक 108 स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा मासिक बिल का भुगतान संचालक समिति को नहीं किया गया है।

इससे स्पष्ट है कि डबल इंजन की हवा निकल चुकी है। बढ़े हुए बिजली बिल से लेकर बढ़े जमीन दरों की मार झेल रही है, लेकिन भाजपा के नेता व मंत्री मस्त है, किंतु इन सब में कर्मचारियों का कोई दोष नहीं है। उनकी आर्थिक स्थिति इससे बेहद दयनीय हो चुकी है। आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए सरकार को संवेदनशीलता दिखाते संचालक समिति को त्वरित रूप से वेतन प्रदान करने निर्देशित करें और वेतन भुगतान न किए जाने की स्थिति में कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## सोमनी शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शा.उ.मा. शाला सोमनी में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत नवनियुक्त प्राचार्य सविता अवस्थी के स्वागत के साथ हुई। समिति सदस्यों ने उन्हें सोमनी में प्राचार्य पद पर पदस्थ होने पर शुभकामनाएं दी।

बैठक में बीआरजीएफ मद से स्वीकृत हाईमास्क लाइट की स्थापना पर चर्चा हुई। समिति ने तय किया कि लाइट ऐसी जगह लगाई जाए, जहां से पूरा परिसर रोशन हो सके। निरीक्षण के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हाईमास्क लाइट विद्यालय के बोरिंग स्थल के पास लगाई जाएगी। साइकिल स्टैंड




के लिए पूर्व में पंचायत द्वारा विज्ञान लैब के पास स्थान प्रस्तावित किया गया था, लेकिन समिति ने स्थल निरीक्षण के बाद इसे मुख्य द्वार से जुड़े बाउंड्रीवाल के पास बनाने को अधिक उपयुक्त माना और इसी स्थान को स्वीकृति दी। विद्यालय में रखे कबाड़ की नीलामी को लेकर भी अहम निर्णय लिया गया। इसके लिए आम सूचना जारी की जाएगी तथा नोटिस चस्पा कर हांक पड़वाकर इच्छुक व्यक्तियों को बोली लगाने का अवसर दिया जाएगा।

बैठक में विद्यालय वार्षिकोत्सव के आयोजन पर भी चर्चा हुई। तिथि तय न होने के बावजूद जनवरी के प्रथम सप्ताह में आयोजन का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के अंत में प्राचार्य सविता अवस्थी ने सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा जताई।

बैठक में सरपंच नीलिमा साहू, सेवानिवृत्त व्याख्याता टीएल चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता रमन सिंह राजपूत, जनकल्याण सामाजिक संस्थान अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश साहू, बीमा सलाहकार अनंत श्रीवास, व्याख्याता ईश्वरी कोर्राम, गंगाधर गुरु, सुनील भागवत एवं सुरेखा देवांगन उपस्थित थे। उक्त जानकारी नवनियुक्त प्राचार्य सविता अवस्थी ने दी।

### एक दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आज

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी तीरंदाजी संघ जिला इकाई राजनांदगांव की 6वीं वर्षगांठ अवसर पर एक दिवसीय जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन कल 7 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ राजनांदगांव में किया जा रहा है। प्रतियोगिता सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक निर्धारित है। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से तीरंदाज खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का समापन उपमुख्यमंत्री अरुण साव के करकमलों द्वारा संपन्न होगा। इस अवसर पर वे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन एवं पुरस्कार वितरण भी करेंगे। इस आयोजन में समस्त तीरंदाजी खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों को आमंत्रित किया जाता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएं।

### आज युवाओं का लौटने पर होगा स्वागत

**राजनांदगांव।** अग्निवीर भारतीय सेना में शामिल होने ग्राम खैरी के दो युवाओं का चयन हुआ। त्रिलोचन वर्मा हैदराबाद, लिकेस कुमार साहू बेंगलुरु, केवल वर्मा मुंदगांव बिहार, सौरभ सिन्हा दिवानझिटीया भोपाल, टोमेश भारद्वाज करमतरा बेंगलुरु, प्रीतम सोनेसरार ट्रेनिंग लेकर अपने गांव पहुंचेंगे। सौरभ सिन्हा 14 फरवरी को पहुंचेंगे। गांव के युवा भारतीय सेना में शामिल होने पर गांव में खुशी की लहर है। खैरी के अग्निवीर त्रिलोचन वर्मा, लिकेस कुमार साहू के बताएं अनुसार कल रविवार को सुबह 10 बजे राजनांदगांव से सीधे तुमड़ीबोड़ हाईस्कूल खेल मैदान पहुंचेंगे। खेल मैदान को नमन करने के बाद सीधे अपने गृह ग्राम खैरी पहुंचेंगे। गांव में राम मंदिर में पुजा अर्चना के बाद ग्राम युवा एवं वरिष्ठ नागरिक डीजे और बैंड बाजा के साथ अग्नि वीरों का रैली निकालकर स्वागत करेंगे। रैली में जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यद्धु, पवन जैन प्रेमी, महेंद्र यादव, मदन साहू, सरपंच राणु हेमन्त वर्मा, रमाकांत साहू, ताराचंद जैन एवं ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

## स्वास्थ्य अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** बच्चों में मधुमेह टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने हेतु जिला स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का विशेष दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने कहा कि यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरक है।

कार्यशाला में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश जंघेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला एनसीडी सलाहकार डॉ. विकास राठौर, सचिवालय सहायक प्रियल कश्यप, सचिवालय सहायक हरीश वैष्णव और यूनिसेफ टीम का विशेष सहयोग रहा।



### विभिन्न पहलुओं के बारे में दी जानकारी

कार्यशाला में स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव और इसकी जल्द से जल्द पहचान, उसके अनुरूप इलाज और विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई, ताकि वे अपने-अपने स्तर पर बेहतर सेवाएं प्रदान कर सके। मुख्य रूप से टाइप-1 डायबिटीज की पहचान, उपचार व प्रबंधन, काउंसलिंग, रोगी सहायता समूह की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग और स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ डॉ. गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में यूनिसेफ की टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों का प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत सहभागिता, निकट भविष्य में रोगियों के लिए विशेष लाभकारी होगा।

# क्रिकेट में बालोद ने लगातार दूसरी बार जीती ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पशु चिकित्सकों में आपसी सामंजस्य, भाईचारा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित एक दिवसीय सद्भावना क्रिकेट लीग सीजन-2 का समापन हुआ। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और बालोद इन चार जिलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और पूरे दिन मैदान में रोमांच का माहौल बना रहा।

मुख्य अतिथि दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने कहा कि सभी पशु चिकित्सकों को एकजुट कर खेल में जोड़ना सराहनीय है। उन्होंने आयोजन समिति और खिलाड़ियों को बधाई



देते कहा कि यह कॉलेज और मैदान आप सबका है, ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए।

टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज डॉ. उमेश बघेल, बेस्ट बैट्समैन डॉ. निर्मल चेलक, बेस्ट बॉलर डॉ. रोशन कश्यप और बेस्ट विकेट कीपर डॉ. पदम जैन चुने गए। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. रविंद्र चौरसिया, डॉ. बी. मुखोपाध्याय, डॉ. सुरेंद्र नायक, डॉ. भुवन नायक, डॉ. तरुण रामटेके, डॉ. सोमेश जोशी और डॉ. आदित्य चंद्राकर को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कमेंट्री पैनल में डॉ. पदम जैन, डॉ. रामपाल टंडन और डॉ. संतोष आदिल ने लगातार रोमांचक कमेंट्री कर माहौल को जीवंत बनाए रखा।

कार्यक्रम के दौरान कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, उप संचालक दुर्ग डॉ. एसएस सहस्त्रबुद्धे तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के डॉ. एके संत्रा भी उपस्थित रहे।

### खेल को विस्तारित करने का दिया सुझाव

संचालक चंद्रकांत वर्मा ने भगवान कृष्ण की छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने आने वाले वर्षों में इस आयोजन को तीन दिन तक विस्तारित कर अधिक जिलों को जोड़ने का सुझाव दिया। प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने कहा कि इस वर्ष चार जिलों की भागीदारी उत्साहजनक रही। हमारा उद्देश्य डॉक्टरों में शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और कार्य जीवन संतुलन को मजबूत करना है। दुर्ग और बालोद के बीच हुए फाइनल मैच में दुर्ग ने पहले बल्लेबाजी करते 12 ओवर में 86 रन बनाए। जवाब में बालोद की टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन करते 11 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया और पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। रायपुर और राजनांदगांव ने क्रमशः तीसरा स्थान हासिल किया।

### विश्व विकलांगता दिवस और राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई

# कॉलेज में मना कम्प्यूटर साक्षरता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

रानी रश्मि देवी कालेज में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशन में कंप्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष मोनिका जत्ती ने किया और कंप्यूटर की उपयोगिता और महत्व के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ उमेंद चंदेल ने कंप्यूटर के क्षेत्र में जागरूकता के बारे में संबोधित किया। इस दौरान डॉ परमेश्वरी टंडिया, खेम्पल वर्मा, हिरेन्द्र ठाकुर, शबाना खान सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता व प्राध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन में विश्व विकलांगता दिवस और राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम संचालक हिंदी के सहायक प्राध्यापक यशपाल जंघेल ने बताया कि विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया



जाता है। यह दुनिया भर के लोगों पर विकलांगता के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। आईक्यूएसी प्रभारी सृष्टि वर्मा ने बताया विकलांग लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना आवश्यक है। वाणिज्य की सहाप्रा मोनिका जत्ती ने कहा कि इसको मनाने का उद्देश्य दिव्यांग लोगों को समाज में एक्टिव और खुद को शक्तिशाली मान सकें। डॉ परमेश्वरी कुंभज टांडिया ने बताया कि समाज में दिव्यांग लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ी चुनौतियों और उनके अधिकारों की जरूरत को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाई जाए। शबाना खान ने कहा कि विकलांग लोगों को शिक्षा, काम, स्वास्थ्य, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में आसानी सा भागीदारी दिया जा सके। डॉ. उमेंद चंदेल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान खेमपाल, हिरेन्द्र ठाकुर, विनय चौहान सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने किया बैगाटोला में पुल निर्माण

रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने वनांचल ग्राम बैगाटोला में नदी में अस्थायी पुल बनाया। प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशानुसार व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवको ने श्रमदान कर पत्थरों से पुल का निर्माण किया। ग्रामीणों को सीधे नदी पार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन स्वयंसेवकों ने अपने सेवा भाव से श्रमदान कर पत्थरों द्वारा मानव निर्मित पुल का निर्माण किया। गौरतलब है कि बैगाटोला महाविद्यालय का गोदग्राम है जिसमें सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें शामिल स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता नशा उन्मूलन व वृक्षारोपण का काम किया। नदी में पुल के अभाव में ग्रामवासियों को लगभग 2 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। सरपंच माया सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि कुंभलाल सिन्हा सहित समस्त ग्रामवासियों ने पुल निर्माण को लेकर कालेज परिवार का आभार व्यक्त किया है।

### एनएसएस स्वयंसेवक एसआईआर में निभा रहे भूमिका

रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज के रासेयो इकाई के स्वयंसेवक ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित एसआईआर सर्वे को सुचारु रूप से पूरा कराने महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। स्वयंसेवक गांव-गांव पहुंचकर लोगों को सर्वे की आवश्यकता, प्रक्रिया और इसके लाभों के बारे में जागरूक कर फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं। स्वयंसेवक नितेश साहू ने अपने ग्रापं साल्हेभर्री में घर-घर जाकर नागरिकों के एसआईआर फॉर्म भरवाया, ऑनलाइन सबमिशन कराया और आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता सुनिश्चित की। इस कार्य में स्वयंसेवक कृष्णा चंदेल ने भी भूमिका निभाई। जनहित व सामाजिक उत्तरदायित्व से प्रेरित प्रयासों की कालेज प्रबंधन ने सहित प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल, प्राशासाल्हेभर्री के शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दोनों स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया है।

## इमानदारी सबसे महंगा शौक : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सिविल सेवा के क्षेत्र में कॅरियर निर्माण हेतु प्रभावी कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य वक्तव्य कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी सबसे महंगा शौक होता है और यह सर्वोत्तम नीति भी होती है, इसलिए इसे अपने भीतर हमेशा जीवित रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का कॅरियर निर्माण की दिशा में निरंतर अभ्यास ही उसे उत्कृष्ट बनाता है। विद्यार्थियों को ईमानदारी और विनयशीलता से निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। वे ऐसा करने से एक-न-एक दिन सफल अवश्य होते हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने तथा जीवन में सकारात्मक ढंग से निरंतर कार्य करने प्रेरित किया।



उन्होंने बताया कि किस तरीके से अहंकार का त्याग किया जा सकता है और किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य की प्राप्ति की जा सकती है। एक प्रशासनिक अधिकारी को जनकल्याण का उद्देश्य लेकर कार्य करना चाहिए। विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने सिलेबस से गाइडेंस लेना चाहिए तथा अपने इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए परिणाम की चिंता किए बिना निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। हमें किसी कार्य को करने से पहले यह सोचना चाहिए कि इसे क्यों करें, जब इसका जवाब मन में मिल जाए, तब यह योजना बनानी चाहिए कि इसे हम कैसे सफलतापूर्वक करें। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी द्वारा कलेक्टर का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

### स्पीच थैरपी शिविर एवं स्पेशल एजुकेशन क्लास 12 को

**राजनांदगांव।** मानव मंदिर चौक स्थित तिरूपति काम्प्लेक्स में 12 दिसंबर को एक ऐसा आयोजन होने जा रहा है, जो मानवीय संवेदनाओं की गहरी छाप छोड़ता है। प्रतिष्ठित समाजसेवी दिवंगत देवकरण राठी की स्मृति में आयोजित इस निःशुल्क स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन क्लास का उद्देश्य है, उन मासूम आवाजों को स्वर देना, जो बोल नहीं पाते या हकलाहट-तुतलाहट के कारण खुद को व्यक्त नहीं कर पाते हैं। गौरतलब है कि इस विशेष पहल में स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ एवं स्पेशल एजुकेटर श्रीमती रजनी राठी अपनी सेवाएं निःशुल्क प्रदान करेंगी। वे वर्षों से ऐसे बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है, जो बोलने में कठिनाई का सामना करते हैं। यह क्लास सुबह 11 से शाम 4 बजे तक अनेक परिवारों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने वाली है।

## सार समाचार

### विधायक यादव का जनविरोधी नीतियों पर उपवास



**राजनांदगांव।** भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, अचानक बढ़ाई गई जमीन दरों और आम जनता पर किए गए बलपूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में दुर्ग विधायक देवेंद्र यादव ने एक दिवसीय उपवास रखा। राजनादगांव से भी उपवास स्थल पर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी अपने साथियों के साथ शामिल होकर जमीन दर में हुई वृद्धि और आम जनता के खिलाफ हुई लाठीचार्ज पर नारेबाजी करते अपना आक्रोश व्यक्त किया। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि बढ़ी हुई जमीन दरों का बोझ सीधे गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा।

### एसआईआर प्रक्रिया से लोकतंत्र को आघातः संतोष



**राजनांदगांव।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के बहाने देशभर में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते कहा कि यह कदम सत्ता को लंबे समय तक सुरक्षित करने की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। श्री पिल्ले ने आरोप लगाते कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार देश की स्वतंत्र संवैधानिक एवं जांच एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं को निष्पक्षता से चलाने के बजाय सत्ता पक्ष अपने हितों के अनुरूप उनका उपयोग कर रहा है। जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को भारी क्षति पहुंच रही है। चुनाव आयोग भी केंद्र के इशारों पर काम कर रहा है और एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर कई राज्यों में बड़े पैमाने पर वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। यह केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मताधिकार छीनने की एक राजनीतिक चाल है। लाखों नागरिकों को मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

### रेवंत सदबुद्धि के लिए पढ़े हनुमान चालीसा : अरूण



**राजनांदगांव।** विश्व हिन्दू परिषद् छत्तीसगढ़ के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अरूण कुमार गुप्ता ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके हैं। अपना वोट बैंक बचाने के लिए हिन्दू समाज और हिन्दूओं की आस्था पर लगातार अपमानजनक वक्तव्य दे रहे हैं। हिन्दू धर्म के भगवानों पर रेवंत की टिप्पणी का जवाब देते श्री गुप्ता ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री विक्षिप्त व्यक्ति की तरह लगातार हिन्दूओं के भगवान पर अभद्र भाषण दे रहे हैं। वो अपने वोट बैंक के लोगों को खुश करने केवल हिन्दू धर्म के भगवान का अपमान नहीं कर रहे वरन्‌ जिस हिन्दू समाज के लोगों ने उनको वोट देकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया है, उस हिन्दू समाज के लोगों का सत्ता के मद में लगातार अपमान कर रहे हैं। उनका हनुमान महाराज पर दिया गया बयान घोर निंदनीय है। रेवंत रेड्डी को हिन्दू सनातन धर्म का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं है और वे बिना सिर-पैर का बेतुका बयान देकर अपने वोट बैंक को खुश करना चाहते है, मगर वो सत्ता मद में भूल रहे हैं कि जिस हिन्दू समाज के वोट से वो मुख्यमंत्री बने हैं। वही समाज उनको मिट्टी में भी मिला सकता है। अरुण गुप्ता ने सलाह दी है कि मुख्यमंत्री रेवंत को अपनी बुद्धि को स्वच्छ, निर्मल और आस्थावान बनाने हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए, क्योंकि हनुमान महाराज बल, बुद्धि ,विद्या के दाता हैं।

### सीआरसी को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार




**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सामाजिक कल्याण निदेशालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सूरजपुर जिले में राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में दिव्यांग पुनर्वास, सशक्तिकरण तथा समावेशी विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थानों एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव को दिव्यांग सेवाओं एवं पुनर्वास में उत्कृष्टता हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार निदेशक सीआरसी डॉ. स्मिता महोबिया द्वारा ग्रहण किया गया।

### लिमिट बढ़ाने भाजपा जिलाध्यक्ष ने लिखा पत्र



**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने शुक्रवार को जिला भाजपा के पदाधिकारियों के साथ ढाबा सोसाइटी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रशासन द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्था और पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से धान खरीदी तैयारी पर संतोष व्यक्त करते कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सर्वाधिक मूल्य दिया और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान भी नियमित रूप से खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समय पर धान का भुगतान भी डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट सीमा बहुत कम है। जिसके कारण धान खरीदी की निर्धारित समय तक पूरा धान खरीदी कर पाना शासन के लिए संभव नहीं होगा, इसलिए प्रतिदिन दैनिक खरीदी की सीमा बढ़ाए जाने हेतु कोमल सिंह राजपूत ने जिलाधीश को पत्र लिखकर किसानों की प्रमुख समस्या के लिए निवेदन किया।

## ई-पॉस मशीन से किया जा रहा निःशुल्क ई-केवाईसी

# राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का 100 प्रतिशत ई-केवाईसी की कार्रवाई तत्काल पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है। एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए सभी राशनकार्ड हितग्राहियों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है।

राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने तथा आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है, उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण ई-केवाईसी के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। जिले में संचालित



शासकीय उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध ई-पॉस मशीन से निःशुल्क ई-केवाईसी किया जा रहा है। राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी पूर्ण किया जाएगा।

#### जिले में 496 उचित मूल्य की दुकान

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 496 शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित है तथा कुल 2 लाख 60 हजार 12 राशनकार्ड प्रचलित है। प्रचलित राशनकार्ड में सदस्य के रूप में दर्ज 9 लाख 57 हजार 215 हितग्राहियों में से अब तक 8 लाख 42 हजार 987 हितग्राहियों द्वारा अपने उचित मूल्य दुकान में जाकर ई-केवाईसी का कार्य करा लिया गया है। जिले के शेष राशन कार्ड हितग्राहियों से राशनकार्ड में ई-केवाईसी सभी सदस्यों के आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-पॉस मशीन के माध्यम से तथा फेस ई-केवाईसी एप्प के माध्यम से ई-केवाईसी कराने की अपील की गई है।

## मोदी सरकार के नए श्रम कानून में मौलिक अधिकारों का हनन : शाहिद



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने केंद्र सरकार द्वारा नए श्रम कानून में बदलाव पर कटाक्ष करते कहा कि इस कानून से जहां श्रमिकों के मौलिक अधिकारों का हनन होगा। वहीं मजदूरों के छंटनी पर सरकार का नियंत्रण नहीं रहेगा, क्योंकि पहले जब कांग्रेस की सरकार ने श्रम कानून बनाया था, जहां 100 से अधिक कर्मचारी होते थे, वहां छंटनी के पूर्व सरकार की अनुमति आवश्यक थी, लेकिन अब नए कानून में 300 से कम किसी कंपनी में कर्मचारी है तो वह सरकार के बिना अनुमति के मजदूरों की छंटनी कर सकता है, जो नौकरी की अनिश्चितता के साथ अधिनायक वाद का प्रमाण है।

महामंत्री शाहिद ने कहा कि इसी प्रकार मजदूर अपनी जायज मांगों के लिए भी प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। उन्हें प्रदर्शन के 14 दिन पहले नोटिस देना होगा। नोटिस नहीं देने की दशा में हुए प्रदर्शन के लिए वे कानूनी रूप से दंड के भागी होंगे, यह मजदूरों के मौलिक अधिकारों पर सीधा-सीधा हनन है। वहीं 8 घंटे के अलावा 12 घंटे कार्य की छूट से श्रम शक्ति भी घटेगी। इस कानून में सबसे दुखद पहलू यह है कि रात्रि पाली के कार्य में महिलाओं के परिवारों जिम्मेदारियों पर विपरीत असर के साथ उनकी सुरक्षा किस प्रकार से होगी, यह भी चिंतनीय विषय है। महिला श्रमिकों के बच्चों के लिए पालना घर की भी व्यवस्था किए जाने का प्रावधान अनिवार्य नहीं है। प्रत्येक राज्य सरकार अपने श्रम कानून बनाने होंगे, जो अन्य राज्यों से भिन्न होने में श्रम कानून में असमानता घातक है।

महामंत्री शाहिद ने कहा कि इसके अलावा श्रम कानून में बदलाव सिर्फ पूंजीवादी मानसिकता और नियोजक के हितकारी और मजदूरों के साथ अन्यायकारी नीतियों से ओतप्रोत है। जबकि कांग्रेस सरकार मजदूर हित पर जोर के साथ रोजगार की सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए कर्मचारी छंटनी पर कड़ी शर्त लागू की थी, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार ने शिथिल कर दिया है, जो मजदूर साथियों के साथ घोर अन्याय है।

## मधु अहीर ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



एसबीकेएफ अंतर्राष्ट्रीय खेल 14 से 17 नवंबर 2025 तक भूटान थिंपू में आयोजित किया गया था। जिसमें 9 देश ने हिस्सा लिया था। इसमें 300 खिलाड़ियों ने अपना प्रतिनिधित्व किया। जिसमें छत्तीसगढ़ राजनांदगांव की मधु अहीर ने पावर लिफ्टिंग में भाग लेकर अपना दमखम दिखाया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पावर लिफ्टिंग में मधु अहीर ने कुल 310 किलोग्राम का वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया एवं छत्तीसगढ़ राजनांदगांव का नाम रोशन किया। मधु अहीर दल्लीराजहरा के पावर लिफ्टिंग कोच वीर हनुमान पुरस्कार विजेता हरिनाथ के नेतृत्व में दल्लीराजहरा में रहकर अभ्यास करती है।

### पृष्ठ 11 का शेष

#### एमपी की शराब के साथ....

बसंतपुर पुलिस को मिली सफलता- ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कार में शराब का जखीरा पकड़ने में सफलता मिली है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक इब्राहिम खान, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक रूपेन्द्र साहू, राजेश बंदेश्वर, अतहर अली, आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल, जामिन्द्र वर्मा, प्रवीण मेश्राम एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### बीजों को रखा गया सुरक्षित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रक्रिया केन्द्र राजनांदगांव में 135 क्विंटल गेहूं एवं 153 क्विंटल चना बीज को गोदाम क्रमांक 2 में दवाईयों का छिड़काव कर सुरक्षित रखा गया। समितियों में इन बीजों का भंडारण नहीं किया गया है। बीज प्रक्रिया केन्द्र द्वारा भंडारित बीजों के संबंध में कृषकों द्वारा कोई शिकायत नहीं मिली है एवं बीज प्रक्रिया केन्द्र से प्राप्त बीजों से कृषक संतुष्ट है। इस दौरान उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, बीज प्रबंधक बीज प्रक्रिया केन्द्र राजनांदगांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जीतने वाले को कहते हैं बाजीगर

- डॉ. जेबी सिंह स्मृति फुटबाल टूर्नामेंट का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रॉयल किड्स कॉन्वेंट में आयोजित डॉ.जेबीसिंह मेमोरियल फुटबॉल कप का समापन धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि एसपी अंकिता शर्मा और अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय व्हॉली बॉल प्लेयर रेखा पदम ने की। इस दौरान शाला की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, बोर्ड मेंबर टीएस बग्गा, प्रशासक निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांस बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, ईला सिंह, अकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य एकता खंडेलवाल, बरसर कोषाध्यक्ष डॉ. इंद्रकुमार वैष्णव उपस्थित थे।

शाला की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह ने बताया कि रॉयल किड्स कॉन्वेंट की स्थापना सन्‌ 1984 में डॉ. जेबी सिंह ने की थी और यह विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करता है। उन्हीं की स्मृति में हर वर्ष शाला में फुटबॉल मैच का आयोजन होता है और उन्होंने भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को जारी रखने की घोषणा की। शाला के बोर्ड मेंबर श्रेयांश बहादुर सिंह, स्पोर्ट्स टीचर नवीन शर्मा एवं इमरान खान के साथ मिलकर वर्षभर बच्चों को फुटबॉल की निःशुल्क कोचिंग देते हैं। फाइनल मैच में गायत्री विद्यापीठ ने आरकेसी से 1-0 से ट्राफी अपने नाम की। ममता मिश्रा, अपर्णा वर्मा, सरिता सिंह, सोनल अंजोरियो, स्वाति पांडे ने प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। हेड गर्ल शैली अग्रहरि, राज हर्ष बाफना, शौर्य प्रताप सिंह, वैभवी खंडेलवाल, महेश्वर चंद्रवंशी, अंतरा गोसाई ने अतिथियों का स्वागत किया।




#### हर विद्यार्थी को अपना गोल निर्धारित करना चाहिए

एसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि हार और जीत से बच्चों को निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि हार कर जीतने वाले को ही बाजीगर कहा जाता है। हर विद्यार्थी को अपना गोल निर्धारित करना चाहिए और उसी पर निरंतर काम करना चाहिए। कोई भी गोल केवल स्व-कल्याण केंद्रित न होकर समाज और देश के लिए भी केंद्रित होना चाहिए। सफलता तभी मिलती है, जब हम अपने कर्म को पूरी ईमानदारी से करें और देशसमाज की सेवा में योगदान दें। अध्यक्षता करते रेखा पदम ने बच्चों से कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, हार-जीत की भावना से नहीं।

## बाबा साहेब ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 6 दिसम्बर पुण्यतिथि पर महापौर मधुसूदन यादव ने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित पार्षदों एवं समाजिक बंधुओं की उपस्थिति में कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसम्बर को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज में व्याप्त भेदभाव सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया तथा एक समानता न्याय व बंधुत्व आधारित समाज की कल्पना को मूर्त रूप दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम संवैधानिक व्यवस्था अपने मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के संविधान की प्रस्तावना और



मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित पार्षद शिव वर्मा, रवि सिन्हा, सतीश साहू, दुरेन्द्र साहू, सेवक उईके, पूर्व पार्षद विजय राय व शरद सिन्हा, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर ने भी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विस सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र 14 से 17 दिसंबर तक होगा। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने इस दौरान प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, स्थगन प्रस्तावों की जानकारी समय-सीमा में भेजने अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने कहा है।

अधिकारी-कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर नहीं जाने एवं न ही मुख्यालय से बाहर रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को अपने कार्यालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा उनके नाम, पदनाम, दूरभाष नंबर एवं मोबाइल नंबर की जानकारी तत्काल प्रेषित करने कहा है। कार्यालयीन दिवसों के अतिरिक्त कार्यालय में अवकाश के दिनों में भी पर्याप्त लिपिक एवं भृत्य की ड्यूटी भी सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

## आयुक्त ने वार्डों में साफ-सफाई व पेयजल आपूर्ति का लिया जायजा

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन की तरह सुबह आकस्मिक रूप से लखोली, राहुल नगर एवं गौरीनगर में पहुंचकर पेयजल आपूर्ति व साफ-सफाई का जायजा लेकर वार्डवासियों से चर्चा की।

मूलभूत सुविधा सफाई, पानी, बिजली की वार्डों में व्यवस्था देखने प्रतिदिन की तरह लखोली में सुबह पेयजल सप्लाई देख आयुक्त विश्वकर्मा लोगों से चर्चा की। कंचनबाग टंकी में पानी कम मात्रा में भरने तथा नल में पर्याप्त पानी नहीं आने की शिकायत पर उन्होंने वालमेन से कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पानी सप्लाई क्षेत्र में घूमकर पाईप लाइन की जांच करें, गंदे पानी, कम पानी आने या किसी प्रकार की कमी पर संबंधित अधिकारी को अवगत कराएं। इसी प्रकार उन्होंने गौरीनगर में पानी सप्लाई देख अमृत मिशन के अव्यवस्थित पाईप लाइन को व्यवस्थित करने कहा।

पेयजल सप्लाई के अलावा साफ-सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहुल नगर में लोगों से सफाई संबंधी चर्चा कर घर का कचरा रोड, नाली में न डालकर घर-घर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दी। उन्होंने घर के आसपास साफ-सुथरा रखने, वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने सहयोग करने कहा तथा सार्वजनिक शौचालय एवं तालाबों के आसपास साफ-सफाई रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किया।

इसी प्रकार आयुक्त ने गौरीनगर में साफ-सफाई निरीक्षण कर प्रतिदिन सुबह समय में उपस्थिति लेकर उपस्थित कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करें। इसका विशेष ध्यान रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि सघन बस्ती में प्रतिदिन गलियों एवं नालियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाएं। उन्होंने गौरीनगर मैदान एवं उद्यान में उगे कटीली झाडियां काटने तथा वार्ड में सफाई के पश्चात उद्यान व मैदान की भी सफाई कराने निर्देशित किए। बंद शौचालय देख आवश्यक मरम्मत कर चालू कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। इसी प्रकार गौरीनगर तालाब के आसपास सफाई कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने कहा।

## राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन होगा

# जिले के 464 केंद्रों में आज साक्षरता परीक्षा महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान का आयोजन 7 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल द्वारा कलेक्टोरेट के कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण बैठक ली गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान में शिक्षार्थी सुविधानुसार 7 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने 3 घंटे का समय दिया जाएगा। प्रश्न पत्र के पढ़ना, लिखना एवं गणित कुल 3 भाग होंगे तथा प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा व प्रत्येक प्रश्नों का उत्तर देना होगा। परीक्षा दिवस को मॉनीटरिंग हेतु दल बनाया गया है। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रश्मि सिंह, जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड नोडल प्रभारी, प्रभारी साक्षरता कार्यक्रम एवं साक्षरता मिशन के कर्मचारी उपस्थित थे।

#### मिलेगा प्रमाण पत्र

जिले में अद्यतन 10700 शिक्षार्थियों का पंजीयन किया गया है एवं 464 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा केन्दों में परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं मूल्यांकनकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है। विकासखंड एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। परीक्षा में सफल शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय एनआईओएस तथा राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण एनआईएलपी से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।




#### अन्य विषयों की दी जा रही जानकारी

बैठक में बताया गया कि स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा ग्राम एवं वार्ड के चिन्हित असाक्षरों को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा तैयार की गई उल्लास प्रवेशिका के पाठों के अलावा साक्षरता कक्षाओं का संचालन नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग करते डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता सहित अन्य विषयों की जानकारी दी जा रही है।

#### हो सकते हैं परीक्षा शामिल

राष्ट्रव्यापी परीक्षा महाअभियान में राजनांदगांव जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे शिक्षार्थी जिन्होंने उल्लास केन्द्र में 200 घंटे में उल्लास प्रवेशिका के सात अध्याय पूर्ण किए हो, परीक्षा में पूर्व में पढ़ना-लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, जो मोहल्ला साक्षरता केन्द्र में पढ़ाई किए हो, जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शामिल होना चाहते हो, वह परीक्षा में शिक्षार्थी शामिल हो सकते है। उन्होंने बताया कि पंजीयन के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्डवार आंकलन में सम्मिलित होने वाले शिक्षार्थियों की सूची तैयार की जाएगी एवं संबंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय के वार्ड के नजदीक वाले शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

## खबर संक्षेप

### निजी गुड़ उद्योगों में अच्छी कीमत मिलने पर गन्ना काटने में जूटे किसाान



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्रामीण कोलेगांव भगतपुर धनेली रूसे दामापुर कुंडा क्षेत्र में निजी गुड़ उद्योगों में अच्छी खासी रेट मिलने के कारण इन समय अभी किसान लोग अपने धान कटाई करने के बाद अब किसान लोग अपने गन्ना की खेती की ओर गन्ना कटाई में दिखाई दे रहा है हालांकि कबीरधाम जिला में किसान लोग सबसे ज्यादा गन्ना का खेती करते हैं और हमारे कबीरधाम जिला में 2 शक्कर कारखाना भी उपलब्ध है लेकिन किसान लोग को अपने गन्ना बेचने के बाद भी समय पर सही ढंग से पैसा नहीं मिलने के कारण कुछ किसान लोग सीधे तौर पर निजी गुड़ उद्योग पर अपना गन्ना अधिक रेट पाने के कारण बेचने में रुचि दिखा रहा है नगद केस में अभी वर्तमान में निजी गुड़ उद्योग में 370 380 का रेट में लिया जा रहा है जिसमें किसान लोग को अपने ही नजदीक के गांव में बेच रहे हैं

### 8 को सरदार वल्लभ भाई पटेल का मूर्ति उद्घाटन



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर के सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का मूर्ति बनवाया गया जिसका अनावरण मुख्य अतिथि श्रीमती भावना बोहरा के द्वारा 8 दिसम्बर 2025 को किया जा रहा है जिसमे पूरा क्षेत्र के सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज मे बहुत हर्ष एवं खुशी का माहौल है जिसका आयोजक सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज पंडरिया एवं सरपंच ग्राम पंचायत भगतपुर ग्रामवासी भगतपुर के द्वारा किया जा रहा जिसमें आसपास के ग्रामीण एवं समाज के लोग उपस्थित रहेंगे यह एक भव्य कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा जिसकी तैयारी में लगे हुए हैं

---

### गौरवपथ निर्माण होने से वार्डवासियों का सपना होगा साकार-चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

# नगरवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी गौरवपथ निर्माण का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने लंबे समय की बहुप्रतिक्षित मांग और ऐतिहासिक सौगात को शहरवासियों के नाम करेगें। उन्होनें वार्डवासियों के सपनों पर चारचांद लगाते हुए नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत निर्माण होने वाले राजनांदगांव बायपास मार्ग पिलारी नहर से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण का भूमिपूजन आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

उन्होंने भूमिपूजन के पूर्व उक्त मार्ग का निरीक्षण कर वहां निवासरत परिवारों से मुलाकात किये तथा कवर्धा शहर सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि गौरवपथ निर्माण की भूमिपूजन की जानकारी दी। उन्होनें पूरे पिलारी नहर से लेकर नवीन बाजार मार्ग तक पैदल चलकर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता व सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने एवं सतत मॉनिटरिंग में कार्य कराये जाने निर्देशित किया।

#### विकसित कवर्धा बनेगा अपना कवर्धा



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि वार्डवासियों का सपना साकार हुआ है, विकसित कवर्धा के रूप में अब हमारा कवर्धा शहर की पहचान बनेगी। उन्होनें बताया कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में पूरे कवर्धा शहर का विकास होगा। गौरव पथ के निर्माण से कवर्धा शहर में विकास को नई दिशा मिलेगी। यह परियोजना न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, बल्कि शहर के बुनियादी सुविधाओं को भी सुदृढ़ करेगी। लोहारा रोड बायपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ का निर्माण शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पाण्डेय के विशेष प्रयासों से कवर्धा शहर को विकास के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक सौगात मिली है।

#### 10 करोड़ 37 लाख की लागत से बनेगा गौरवपथ

कवर्धा शहर में 10 करोड़ 37 लाख रूपए की लागत से गौरवपथ का निर्माण किया जाएगा। कबीरधाम जिले में बनने वाले इस पहले गौरव पथ की लंबाई करीब 1.8 किलोमीटर होगी। राजनांदगांव बायपास से पिलारी नहर होते हुए यह नवीन बाजार तक जुड़ेगी। इससे रामनगर वार्ड शिवाजी कॉलोनी, रामनगर, शांतिदीप कॉलोनी और नवीन बाजार के रहवासियों को लाभ होगा।

#### इन अतिथियों की उपस्थिति में होगा भूमिपूजन

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मुख्य अतिथि, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्रवंशी अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला भाजपाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व विधायक सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर एवं शहर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल एवं समस्त पार्षदगणों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

---

## ठंड के दिनों में विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ के लिए निः शुल्क योग सत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहेब शासकीय हाई स्कूल बेंदरची में शनिवार को प्रातः काल विद्यार्थियों के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस योग सत्र में पतंजलि योग शिक्षक एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष हरिराम साहू द्वारा विद्यार्थियों को एकाग्रता बढ़ाने में सहायक विशेष महत्वपूर्ण आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया , इसमें अनुलोम-विलोम प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा उनके विधि एवं लाभों को बताया की अनुलोम-विलोम प्राणायाम के नियमित अभ्यासों से स्मरण शक्ति बढ़ती हैं तथा स्ट्रेस तनाव भी दूर होते हैं, जिससे विद्यार्थीगण अच्छे से विद्या अध्यन कर सकते हैं। साथ ही साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी कराया। योग शिक्षक ने बताया की योगासन को मात्र शारीरिक क्रिया मानना या बहुत से व्यायामो में से एक व्यायाम मान लेना ज्ञान पूर्ण नही हैं। यह शरीर, प्राणशक्ति, मन व हमारे गुप्त निजतत्व के मूल तक इन चारों व्यक्तित्वो के अलग-अगल व समवेत विकास का संवर्धन के लिए एक स्थिति तक योगासनों की आवश्यकता अपरिहार्य हैं। उन्होंने बताया की छात्र जीवन में योगासनों का अत्यंत महत्व हैं, भारतीय परंपरा के अनुसार छात्र जीवन ब्रह्मचर्य हैं। ब्रह्मचर्य जीवन इस तथ्य का संकेत हैं की शरीर हृष्ट-पुष्ट, स्वस्थ सुडौल तथा सशक्त हो, भावनाओ और इन्द्रियों पर नियंत्रण हो, बुद्धि कुशाग्रचित, एकाग्र तथा जीवन संयमित हो और यह योग से ही संभव हैं। विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ के लिए योग के साथ - साथ आहार चिकित्सा की जानकारी दिया गया। इस योग सत्र में कक्षा 9 वीं एवं 10 वीं के छात्र-छात्राओ ने रुचिपूर्वक योगाभ्यास किया और घर में भी अभ्यास करने की बात कही। इस योग सत्र में हाई स्कूल बेंदरची के प्राचार्य तिर्थेश्वर तिवारी, व्याख्याता शिक्षक श्रीमती पूर्णिमा चंद्रवंशी, कु. शानेजहरा रिजवी, कमलेश्वरी ठाकुर, पुष्पांजलि चंद्राकर, योग शिक्षक हरिराम साहू सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

---

## राज्य स्तरीय युवा उत्सव में एकांकी प्रतियोगिता के लिए कन्या शाला पंडरिया का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया

कबीरधाम जिले में जिला स्तरीय युवा उत्सव 5 दिसम्बर को शारदा संगीत महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित किया गया जिसमें नगर की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पंडरिया की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एकांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राजधानी रायपुर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम कबीरधाम जिले के चारों विकासखण्ड में 1 से 4 दिसम्बर तक आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 15 से 29 आयु वर्ग के विद्यार्थियों और युवक युवतियां भाग ले सकते थे। सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता शैल बिसेन के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से इस आयोजन में कन्या शाला की



छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और शिक्षा के महत्व, शीर्षक पर उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं के अभिनय कौशल और शिक्षाप्रद विषय वस्तु की सभी दर्शकों सहित निर्णायकों ने सराहना की। जिला स्तरीय एकांकी प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम के लिए चयनित होकर कन्या शाला की छात्राओं ने पंडरिया विकासखण्ड का नाम रौशन किया है। राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम राजधानी रायपुर में 22 से 24 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। युवा उत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संस्कृति से जोड़ना एवं प्रतिभाओ को निखारना व मंच प्रदान करना है। शाला की प्राचार्या श्रीमती एनके एक्का ने इस शानदार उपलब्धि पर प्रभारी शिक्षिका शैल बिसेन, प्रतिभागी छात्राओं एवं सहयोगी शिक्षक एसएस गिरी एवं डीडी चेलक को विशेष रूप से बधाई देते हुए उत्साह वर्धन किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला प्रभारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

---

## आज उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा का आयोजन, 37904 शिक्षार्थी दिलाएंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी के दिशा निर्देश में आज 7 दिसंबर, रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिले में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले के 37904 शिक्षार्थी भाग लेंगे। जिले के सभी असाक्षरों से परीक्षा में शामिल होने की अपील की गई है। परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु के वे शिक्षार्थी शामिल हो सकेंगे जिन्होंने उल्लास साक्षरता केंद्रों में अध्ययन किया है। तीन घंटे की इस परीक्षा में पढ़ना, लिखना और गणित तीनों विषय 50-50 अंकों के होंगे। कबीरधाम जिले में कुल 37,904 शिक्षार्थियों का लक्ष्य मिला है और



556 परीक्षा केंद्र बनाए गए है, जिनमें मुख्य रूप से प्राथमिक स्कूल शामिल हैं। परीक्षा संचालन के लिए केंद्राध्यक्ष और मूल्यांकनकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है तथा जिला व विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

सफल अभ्यर्थियों को एनआईओएस और एनआईएलपी से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के द्वारा इस महा परीक्षा अभियान की सघन मॉनिटरिंग करने के लिए विकासखंडवार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो परीक्षा तिथि को विभिन्न केंद्रों में जाकर मॉनिटरिंग करेंगे और उसके बाद इसका प्रतिवेदन जिला साक्षरता मिशन कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि जिले में शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में एवं शाला स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला एवं रंगोली की प्रतियोगिता कराने के साथ-साथ वॉल राइटिंग नारे और स्लोगन लेखन का कार्य, छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं नृत्य के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे एवं विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी जिले वासियों से इस महा परीक्षा में सम्मिलित होने की अपील की है। जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह एवं जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग की तथा ग्राम प्रभारी प्रधान पाठकों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों से इस महा परीक्षा अभियान को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के सहयोग से सफल बनाने की अपील की है।

---

## निरक्षरों को साक्षर बनाने छात्रों ने निकाली रैली

- उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत जागरूकता संदेश गूंजा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर




राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत बरबसपुर, डबरा, भाट, बीजाझोरी, सिंघनपुरी, गांगचूवा, दौजरी, सारंगपुर खुर्द और बांझीमहुआ के सभी प्राथमिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान स्कूली बच्चों ने गाँव के चौक–चौराहों पर नारे लगाते हुए लोगों को संदेश दिया माता-पिता कैसा हो, पढ़ा-लिखा वैसा हो "दीप से दीप जलाएँगे, साक्षर भारत बनाएँगे।" बच्चों द्वारा दिए गए संदेशों का उद्देश्य गाँव के निरक्षर पुरुषों व महिलाओं को साक्षरता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करना था। अभियान के तहत 7 दिसंबर, रविवार, सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नवसाक्षर व्यक्तियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई है। यह परीक्षा उल्लास नवभारत साक्षरता-संख्या ज्ञान संकलन के अंतर्गत होगी। प्रवेशिका व 200 घंटे का अध्ययन पूर्ण करने वाले सभी नवसाक्षर इसमें शामिल होंगे। परीक्षा प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में शिक्षकों और स्कूली बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

---

## महापरीक्षा अभियान को सफल बनाने रैली निकाली

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत 07 दिसंबर दिन-रविवार को महापरीक्षा होना है।



जिसके व्यापक प्रचार हेतु नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा साक्षरता रैली निकालकर ग्राम भ्रमण कर लोगों को निमंत्रण देते हुए एवं महा परीक्षा अभियान में शत प्रतिशत शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पंचायत पेण्ड्रीकला को पूर्ण साक्षर बनाने एवं विकासखंड को प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति हेतु पूर्ण निष्ठा से पुरा पंचायत में स्थानीय निवासियों से जो 15 वर्ष से अधिक उम्र के हैं जिन्हें अभी तक शिक्षा से वंचित रहना पड़ा है। ऐसे असाक्षरों को आगामी 7 दिसंबर 2025 दिन-रविवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होने वाले राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा अभियान में शामिल होकर अपने आप को एवं अपने पंचायत का पूर्ण साक्षर बनाने के लिए अपील किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने शिक्षक-शिक्षिका रामनिहोर चंद्रवंशी, अकली प्रसाद कुर्रे, सुनील कश्यप, बुद्धेश्वर राम प्रधान, भुवनेश्वर सिंह चौहान, सुश्री जानकी चुरेंद्र एवं सफाई कर्मी ईश्वरी यादव, प्रीतम कश्यप तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## टीचर प्रीमियर लीग का शानदार रहा दूसरा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शासकीय शिक्षकों के मध्य खेले जाने वाले टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के इस वर्ष के संस्करण का शुभारंभ गत दिवस रविवार 30 नवंबर को नगर के प्रतिष्ठित स्वामी करपात्री स्टेडियम में अतिथियों की उपस्थिति में हुआ । इस वर्ष कुल 14 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है, जिन्हें पहले 4 पूल में बाटा गया है यहां से आगे जाने के लिए टीम को कम से कम 2 मुकाबले जीतने होंगे। इस शनिवार को लीग के 2 मैचे खेले गए पहला ग्रुप सी के खरहट्टा और कवर्धा के मध्य खेला गया जिसमें खरहट्टा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनाए । टीम के विकास, जितेंद्र एवं देवशंकर ने टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, कवर्धा की ओर से महेश साहू ने अच्छी गेंदबाजी की अंततः खरहट्टा ने मैच जीत लिया और 91 रन का स्कोर विनिंग स्कोर साबित हुआ, 31 रन एवं 6 विकेट के साथ विकास तिवारी मन ऑफ द मैच रहे । दूसरा मैच ग्रुप ए के चारभाटा और मरका के बीच खेला गया। चारभाटा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर में केवल 50 रन बनाए। निश्चित तौर पर यह स्कोर बहुत कम था, जिसे मरका ने 6 ओवर्स में ही जीत लिया। कैलाश चंद्रवंशी ने 3 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच रहे । इस तरह टी पीएल का दूसरा दिन दो नई टीमों के लिए जीत और दो के लिए हार लेकर आया।

---

### रिकवरी रेट में पूरे देश में टॉप पर, दो सालों में 300 करोड़ का भुगतान

## भोरमदेव कारखाना में किसानों को पेराई सत्र 2024-25 का शत-प्रतिशत भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के दो वर्ष का कार्यकाल किसानों की खुशहाली और जिले के सर्वांगीण विकास को समर्पित रहा है। उनके निरंतर प्रयासों और प्रभावी कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना आज किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के सतत मार्गदर्शन से कारखाने में गन्ना पेराई की क्षमता और गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विशेष रूप से रिकवरी में लगातार हो रही वृद्धि ने किसानों की आय में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की है। विगत दो वर्षों में निर्धारित रिकवरी सुधार ने किसानों को दोहरा लाभ सुनिश्चित किया। पहला, गन्ना उत्पादन से स्थायी आर्थिक मजबूती, दूसरा, उच्च रिकवरी दर से मिलने वाला अतिरिक्त लाभांश। पूरे देश में रिकवरी दर में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना पूरे देश में टॉप पर है। यही नहीं स्थापना से लेकर अब तक का सर्वाधिक रिकवरी रेट वर्ष 2024-25 में दर्ज किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि किसानों की खुशहाली हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने की कार्यप्रणाली में लगातार सुधार किया जा रहा है। कारखाने की रिकवरी दर में हुई वृद्धि किसानों के लाभ में सीधा इजाफा कर रही है। सरकार किसानों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शी प्रक्रिया और तकनीकी उन्नयन से भुगतान प्रणाली को और मजबूत किया गया है। राज्य में कृषि और सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किसानों के हित में किए गए सतत प्रयासों ने गन्ना उत्पादक किसानों को उनकी मेहनत और उपज का पूरा मूल्य दिलाने का काम किया है। इससे न केवल किसानों की आय में स्थिरता आई है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिली है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में



दो वर्ष में गन्ना उत्पादकों को न केवल तयशुदा दर पर भुगतान मिला। किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे जहां किसानों का भरोसा और मजबूत हुआ है, वहीं राज्य में सहकारी क्षेत्र की साख भी बढ़ी है। किसानों ने इस पहल को ऐतिहासिक कदम बताया है। इस उपलब्धि पर किसानों ने खुशी जताते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि उनके गन्ने के भुगतान में जो नियमितता आई है, उससे उन्हें बहुत राहत मिली है। अब वे अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार देख रहे हैं और भविष्य में और बेहतर फसल उगाने की उम्मीद कर रहे हैं। दो वर्ष की इन उपलब्धियों ने यह सिद्ध किया है कि संवेदनशील नेतृत्व और स्पष्ट संकल्प के साथ किसी भी क्षेत्र में परिवर्तन की मजबूत आधारशिला रखी जा सकती है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना इसका सशक्त उदाहरण बनकर प्रदेश में नई दिशा स्थापित कर रहा है।

**दो सालों में मिला 300 करोड़ भुगतान**

पेराई सीजन 2023-24 और 2024-25 के दौरान गन्ना विक्रय करने वाले 23 हज़ार 778 किसानों ने कुल 300.30 करोड़ रूपए का गन्ना विक्रय किया है। वर्ष 2023-24 के दौरान गन्ना बेचने वाले 12052 किसानों को 173.83 करोड़ रूपए और पेराई सीजन 2024-25 में 11726 किसानो का 126.53 करोड़ का भुगतान किया गया है। पेराई सत्र 2024-25 में कारखाना स्थापना काल से उच्चतम रिकव्हरी के मान से शक्कर उत्पादन किया गया है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ किसानों को गन्ना मूल्य के अलावा अतिरिक्त रिकव्हरी एरियर्स के रुप में प्राप्त हुआ है।

---

## गन्ना से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पलट रही, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसुपर

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, ग्राम राम्हेपुर कला बोड़ला में इन दिनों गन्ना लेकर पहुंच रहे किसानों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कारखाना परिसर का गन्ना मैदान अत्यंत कच्चा और जर्जर होने के कारण गन्ना से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉलियां बार-बार पलट रही हैं, जिससे किसानों को दोबारा मेहनत करनी पड़ रही है। जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर स्थित इस कारखाने में सत्र 2025–26 के लिए 4 लाख 50 हजार मिलियन टन गन्ना पिराई का लक्ष्य रखा गया है। खेतों से लगातार गन्ना पहुंच रहा है, जिससे मैदान में रौनक तो है, लेकिन कच्ची जमीन किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। बोड़ला विकासखंड के गन्ना कृषक घनश्याम वर्मा, गोविंद चंद्रवंशी, मनीष चंद्रवंशी और मनोज चंद्रवंशी ने बताया कि वर्षों से मैदान की स्थिति बेहद खराब है। ट्रैक्टरों के पहिए धंसते हैं और असंतुलन के कारण ट्रॉलियां पलट जाती हैं, जिससे गन्ना फैल जाता है और फिर से लोड करने में भारी मेहनत व समय लगता है। किसान लगातार मांग कर रहे हैं कि गन्ना मैदान को सीसी पक्का किया जाए और समतलीकरण कराया जाए, ताकि ट्रैक्टर आसानी से आवाजाही कर सकें और दुर्घटनाओं पर रोक लगे। किसानों का कहना है कि यदि शासन–प्रशासन इस ओर ध्यान दे, तो लंबे समय से चली आ रही इस समस्या से बड़ी राहत मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**कवर्धा।** राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आईटीआई कवर्धा में 08 दिसंबर सोमवार को प्रातः 09:30 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों एवं संस्थानों को अप्रेन्टिसशिप एवं प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार एवं कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर प्रतिभागी युवाओं को प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से सीधे वार्ता करने, अप्रेन्टिसशिप के अवसर जानने तथा रोजगार संभावनाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्रचार्य सत्येन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि समस्त शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ इस मेला में उपस्थित होकर अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

### आंखों की देखभाल के लिए दिशा-निर्देश

**कवर्धा।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुरे ने किशोरों के लिए आंखों की सुरक्षा एवं देखभाल संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला नोडल अधिकारी एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. क्षमा चोपड़ा ने बताया कि डिजिटल युग में बढ़ते स्क्रीन एक्सपोजर को देखते हुए किशोरावस्था में नेत्र स्वास्थ्य की विशेष देखभाल अत्यंत आवश्यक है। किशोरावस्था में पढ़ाई, खेल, डिजिटल उपयोग और सोशल गतिविधियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में आंखों को स्वस्थ रखना अनिवार्य है। बढ़ते मोबाइल उपयोग के कारण नेत्र-देखभाल अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गई है।

### पटेल युवा संगठन की बैठक आज

**कवर्धा।** पटेल युवा संगठन की बैठक 7 दिसम्बर को दोपहर 2.00 बजे पटेल भवन स/लोहारा जिला कबीरधाम में आयोजित की गई है। बैठक में हर हाथ को हुनर और सम्मान देने, अखंड संगठन, शिक्षा और स्वाभिमान का रोडमैप तैयार करने जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य प्रेरक वक्ता, अर्जुन पटेल, पटेल युवा संगठन के संयोजक परदेशी पटेल, जिला अध्यक्ष युवा संगठन भुनेश्वर पटेल, उपाध्यक्ष संजय पटेल, सचिव अश्वनी पटेल, कोषाध्यक्ष राम पटेल, बैसाखू पटेल, सुरेश पटेल, गोविंद पटेल एवं अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहेंगे।

**अनदेखी:** तस्कर देर रात के अंधेरे और ठंड का फायदा उठाकर कर रहे तस्करी

# छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश में मवेशी तस्करी बेरोकटोक जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश सीमा पर स्थित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट और वन विभाग के बैरियर मवेशी तस्करों के लिए महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि मध्य प्रदेश के मवेशी तस्कर धड़ल्ले से चारपहिया वाहनों, खासकर पिकअप ट्रकों का इस्तेमाल कर, बिना किसी वैध दस्तावेज के गौवंश की तस्करी कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, तस्कर देर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हैं। वे पिकअप वाहनों में मवेशियों को ठूंसकर भरते हैं और फिर कोदवा गोडान होते हुए पोलमी के रास्ते गौवंश को मध्य प्रदेश ले जाते हैं। यह पूरा मामला तब और गंभीर हो जाता है जब तस्करी के इस रूट पर ग्राम कोदवागोड़ान में वन विभाग का बैरियर लगा है वहीं पोलमी में अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट स्थापित है। इन दोनों बैरियर पर चौबीसों घंटे स्टाफ तैनात रहता है। इसके बावजूद, नियमानुसार कलेक्टर की लिखित अनुमति के बिना किसी भी गौवंश को राज्य से बाहर ले जाना अपराध होने के बावजूद, मवेशी भरे वाहन आसानी से इन चौकियों को पार कर रहे हैं।

### मिलीभगत के बिना संभव नहीं



देर रात कोदवा और पोलमी, दो-दो सुरक्षा बिंदुओं से एक ही रात में अवैध तस्करी का वाहन निकल जाना, चेक पोस्ट और बैरियर पर तैनात कर्मचारियों की मिलीभगत की ओर स्पष्ट इशारा करता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यह बेरोकटोक तस्करी स्थानीय अमले की शह पर चल रही है। विगत रात भैंसों से भरे और मध्य प्रदेश के पासिंग नंबर वाले एक पिकअप को स्थानीय लोगों ने रोकने का प्रयास भी किया था, लेकिन सफल नहीं हो पाए।

### अंतरराज्यीय चेक पोस्ट की आंख से आखिर कैस बच निकल रहे हैं तस्करी

इन दिनों पड़ रही कड़ाके की शीतलहर के कारण अंचल के ग्रामीण इलाकों में रात के समय सन्नाटा पसरा रहता है। लोग घर से बाहर नहीं निकलते। तस्कर इसी बात का फायदा उठाकर अपने अवैध मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि, ग्रामीणों की आँख से बच निकलना आसान है, लेकिन अंतरराज्यीय चेक पोस्ट की आँख से बच निकलना, सीधे तौर पर व्यवस्था की विफलता और भ्रष्टाचार को दर्शाता है। प्रशासन को इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से चेक पोस्ट और बैरियर पर निगरानी बढ़ानी चाहिए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# सात एकड़ की पकी पकाई गन्ना फसल में लगी आग किसानों को भारी नुकसान



- गन्ना खेतों में आग लगने का कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम सैहामालगी में शनिवार की दोपहर गन्ना खेतों में आचानक आग भड़क गई। इस अग्नि दुर्घटना में क्षेत्र के किसानो की करीब सात एकड़ में लगी गन्ना की पकी पकाई फसल प्रभावित होने की खबर है।

हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गन्ना के खेतों में आग कैसे लगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर करीब 7.00 बजे ग्राम सैहामालगी के किसानो ने गांव के गन्ना खेत आग की लपटें तथा धुंआ उठते देखा और तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। लेकिन गन्ना के सूखे पत्तों में अंदर ही अंदर आग इतनी तेजी से फैली की ग्रामीणों के प्रयास काम नहीं आए और देखते ही देखते आग करीब सात एकड़ में लगी गन्ना की फसल में फैल गई।

बाद में जैसे तैसे ग्रामीणों ने आग पर काबू किया लेकिन तब तक आग ने अपना काम कर दिया था और करीब सात एकड़ में लगी फसल प्रभावित हो चुकी थी। किसानो ने बताया कि इस अग्नि दुर्घटना में उन्हें लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि अभी तक न तो आग लगने का कारण सामने आ पाया है और न ही प्रभावित किसानो के नाम ही सामने आ पाए हैं।

# मध्यप्रदेश से कबीरधाम में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग कबीरधाम ने अन्य प्रांत मध्यप्रदेश निर्मित अवैध मदिरा की बड़ी खेप जप्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता, कलेक्टर गोपाल वर्मा तथा जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के निर्देशन में की गई।

आबकारी वृत्त बोड़ला में मिली मुखबिर सूचना के आधार पर दो स्थानों अर्जुन यादव ग्राम बाघमाड़ा के रिहायशी मकान और सुखीराम परस्ते बाकी, थाना तरेगांव की दुकान में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित देशी प्लेन शराब व गोवा व्हिस्की बरामद की गई। पहले आरोपी अर्जुन यादव से 50 पाव देशी प्लेन मदिरा 9.0 बल्क ली. लगभग 4,000 रूपए मूल्य की बरामद हुई, जबकि दूसरे आरोपी सुखीराम परस्ते से 24 पाव गोवा व्हिस्की व 56 पाव देशी मदिरा कुल 7,360 रूपए मूल्य की अवैध शराब जप्त की गई।

दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धाराएं 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें जेल दाखिल किया गया। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज राठौर के पर्यवेक्षण तथा वृत्त बोड़ला प्रभारी अभिनव कुमार रायजादा के नेतृत्व में की गई। इस ऑपरेशन में वृत्त प्रभारी गीता साहू, रामानंद दीवान, मुख्य आरक्षक विद्या सिंह परमार, जगदीश उइके तथा आरक्षक अमर पिल्ले, कमल मेश्राम और आकाश चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह कार्रवाई सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब तस्करी पर लगाम लगाने की कड़ी कार्यवाही के रूप में देखी जा रही है।

# नाबालिग का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



महिला थाना कवर्धा की टीम ने नाबालिग से जुड़े गंभीर प्रकरण में पीड़िता की शिकायत के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में महिला पुलिस कवर्धा से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग पीड़िता द्वारा महिला थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी जगत बांधे ने बहला-फुसलाकर उसका विश्वास जीता और लंबे समय तक मानसिक तथा शारीरिक शोषण करता रहा। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए महिला थाना में आरोपी के खिलाफ तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस ने अपराध क्रमांक 49/2025 के अंतर्गत संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया गया। पीड़िता और गवाहों के कथन, चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध सिद्ध पाया गया, जिसके बाद आरोपी जगत बांधे, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम गौरमाटी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक भुनेश्वरी राठौर के नेतृत्व में उप निरीक्षक, आरक्षकगण एवं महिला स्टाफ की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है और आवश्यक साक्ष्यों के संकलन हेतु न्यायिक अभिरक्षा की मांग की गई है। कबीरधाम पुलिस महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर सख्ती और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर रही है। ऐसे मामलों पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## छिरहा में शिक्षकों के क्षमता निर्माण एवं मार्गदर्शक कार्य जारी



**कवर्धा।** शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों को केवल अपनी कक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें स्कूल और संपूर्ण समुदाय के लिए सीखने के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करन के लिए प्रेरित करना आवश्यक है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय समुदाय के भीतर सामुदायिक व्यावसायिक विकास सुनिश्चित करना और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों के क्षमता निर्माण व मार्गदर्शक का कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है। इस पहल के तहत वे अपनी कक्षा में उपयोग की गई सफल शिक्षण तकनीकों, गतिविधियों और सर्वोत्तम अभ्यासों को अन्य शिक्षकों के साथ साझा करते हैं। सहकर्मियों की कक्षाओं का अवलोकन कर उन्हें सुधारात्मक और रचनात्मक सुझाव प्रदान किया जाता है। शिक्षकों को उनकी कक्षा प्रबंधन और छात्रों की सीखने की चुनौतियों को हल करने में व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाता है, साथ ही शिक्षण के प्रति उत्साह, सकारात्मकता और निरंतर सीखने की इच्छा बनाए रखने के लिए प्रेरित भी करते हैं। वे आपस में सीखने और समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के लिए नियमित रूप से चर्चा करते हैं।

## दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में पांच घायल, दो गंभीर




**कवर्धा।** जिले में न तो वाहन चालकों की लापरवाही कम हो रही है और न ही इस लापरवाही के चलते आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर ब्रेक लग पा रहा है। अभी बीते दो दिन पूर्व ही जिले के सहसपुर लोहारा था क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी मार्ग में हुई सड़क दुर्घटना में दो मासूमो की जान चली गई वहीं शनिवार को दशरंगपुर थाना क्षेत्र में 2 मोटर सायकलों की सीधी टक्कर हो गई जिसमें 5 लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। घायलों में से 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। दोनो वाहनो की टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार युवक कई फीट तक हवा में उछल गए. मौके पर मौजूद लोगों ने ये भी बताया कि दोनों मोटर सायकलों में बैठे युवकों ने हेलमेट नहीं लगाया था। अगर हेलमेट होता तो गंभीर चोटें सिर में नहीं आती। बताया जाता है कि दोनों मोटर सायकल सवार तेज रफ्तार में गाड़ी भगा रहे थे और दोनो वाहनो में तीन-तीन लोग सवार थे, जो यातायात नियमों का खुला उल्लंघन है। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर डायल 112 की पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचाया गया। गंभीर रुप से घायल 2 लोगों को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में विश्व मृदा दिवस सह कृषक संगोष्ठी का आयोजन




**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा में विश्व मृदा दिवस सह कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने मृदा दिवस मनाने की उपयोगिता, मृदा संरक्षण के महत्व तथा मिट्टी के स्वास्थ्य का फसल उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बेतरतीब रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति कृषकों को आगाह करते हुए रसायन रहित खेती को भविष्य की आवश्यकता बताया। साथ ही कम उर्वरक आवश्यकता वाली फसलों एवं कम कीट-बिमारी प्रभावित फसलों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान बलराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इंजी. टीएस सोनवानी ने बढ़ती जनसंख्या के कारण मिट्टी कटाव पर नियंत्रण, उपजाऊ मिट्टी संरक्षण और संसाधन के रूप में मिट्टी के स्थायी प्रबंधन के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में स्थापित क्रॉप कैफेटेरिया, समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत मछली, बतख पालन, मुर्गी पालन, गौ पालन एवं मशरूम उत्पादन इकाइयों का अवलोकन कर वैज्ञानिकों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की। संगोष्ठी में डॉ. बीएस परिहार (शस्य विज्ञान), डॉ. एनसी बंजारा (उद्यानिकी), डॉ. छत्रपाल रहांगडाले (वानिकी) सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा जिले के सैकड़ों कृषक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने मृदा स्वास्थ्य सुधार व प्राकृतिक खेती अपनाने के प्रति उत्साह प्रकट किया।

**कवर्धा सहित छत्तीसगढ़ से 363 दल ने जम्बूरी में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

# राष्ट्रीय जम्बूरी और डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के प्रतिभागी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले में कबीरधाम के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने भागीदारी ली। 23 से 29 नवम्बर तक लखनऊ, उत्तर प्रदेश में 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली जम्बूरी का भव्य आयोजन हुआ। इसमें देश-विदेश से 35 हजार से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के मार्गदर्शन में तथा राज्य सचिव जितेंद्र साहू,राज्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख, स्काउट कंटीजेंट लीडर पूनम सिंह साहू व सहायक कंटीजेंट लीडर अमित क्षत्रिय तथा गाइड कंटीजेंट लीडर सरिता पाण्डेय, सहायक कंटीजेंट लीडर जेरेमिना एक्का के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से 363 के दल ने जम्बूरी में भागीदारी की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कबीरधाम के दल में स्काउट दिवेश कुमार, साहिल, दीपांशु, दुर्गेश कुमार, नवीन, भोजराम, दुर्गेश, शिवम सिंह, लखन व गाइड में संस्कृति, तृप्ति, महेश्वरी, निधि, किरण सहित कुल 15 स्काउट 9 गाइड 5 सहित जिला प्रभारी के रूप में जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सुजीत कुमार गुप्ता



एवं जिला सचिव नीलम यदु, स्काउटर हेमधर साहू राज्य दल में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों की मार्च पास्ट, लोक नृत्य, फूड प्लाजा, स्किल ओ रामा, फिजिकल डिस्प्ले, कलर पार्टी, एथनिक फैशन शो, राज्य प्रदर्शनी, रंगोली, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, गेट, कैंप क्राफ्ट, चलित झांकी, कैंप फायर, टेंट पिचिंग आदि प्रतियोगिता एवं गतिविधियों में भागीदारी हुई। विभिन्न साहसिक खेलों का भी लुत्फ उठाया गया। प्रतिभागियों को सेना के हथियारों को देखने और उसकी उपयोगिता की जानकारी मिली तथा सम सामयिक विषयों से संबंधित स्टॉल्स का अवलोकन किया गया। जम्बूरी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया तथा समापन देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्यजनों ने भी जम्बूरी में स्काउट्स/गाइड्स का उत्साहवर्धन किया। इस उपलब्धि पर ज्ञस्शेखर बक्शी, उपाध्यक्ष अनिल दास गुप्ता, पवन जायसवाल, पियूष ठाकुर, मधु तिवारी, अमीषा चंद्रवंशी, कौशिल्या साहू, जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट एफआर वर्मा, जिला आयुक्त गाइड सुमन धुर्वे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण आयुक्त गाइड संजू मिश्रा, जिलाध्यक्ष संगठन आयुक्त गाइड भगवती हठिले, रोवर स्काउट लीडर विजय साहू सहित स्काउटर/गाइडर ने बधाई दी।

# धरमपुरा में जोन स्तरीय खेल महोत्सव का समापन

## खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने भाजपा सरकार लगातार कर रही प्रयासः डॉ. वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्राम धरमपुरा में आयोजित जोन स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य समापन किया गया। इस जोन स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के दस संकुल पनेका, धरमपूरा, बहरमूड़ा, जिंदा, मानिकचौरी, कोसमंदा, गुढ़ा, झिरौनी, धमकी तथा बम्हनी स्कूलों के खिलाड़ियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न खेलों में अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने उपस्थित थे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बच्चों को आकर्षक और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेन्द्र साहू ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन,




आत्मविश्वास और टीम भावना को विकसित करती हैं। उन्होंने सभी विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने इस बात की भी जानकारी दी कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिसका लाभ जिले के खिलाड़ियों को मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष खलेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि मनोज बंजारे, भारत शर्मा, जनपद प्रतिनिधि सुरेश साहू, मुकेश सिन्हा, कृष्ण साहू सरपंच प्रतिनिधि हेमंत साहू, शाला विकास समिति आत्मा साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित, संकुल समन्वयक प्रधान पाठक शिक्षक सहित पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षकों एवं आयोजन समिति द्वारा किया गया। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त कर प्रतियोगिता का समापन घोषित किया गया।

## सार समाचार

### विधायक यादव का जनविरोधी नीतियों पर उपवास



**राजनांदगांव।** भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, अचानक बढ़ाई गई जमीन दरों और आम जनता पर किए गए बलपूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में दुर्ग विधायक देवेंद्र यादव ने एक दिवसीय उपवास रखा। राजनादगांव से भी उपवास स्थल पर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी अपने साथियों के साथ शामिल होकर जमीन दर में हुई वृद्धि और आम जनता के खिलाफ हुई लाठीचार्ज पर नारेबाजी करते अपना आक्रोश व्यक्त किया। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि बढ़ी हुई जमीन दरों का बोझ सीधे गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा।

### एसआईआर प्रक्रिया से लोकतंत्र को आघातः संतोष



**राजनांदगांव।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के बहाने देशभर में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। श्री पिल्ले ने आरोप लगाते कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार देश की स्वतंत्र संवैधानिक एवं जांच एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं को निष्पक्षता से चलाने के बजाय सत्ता पक्ष अपने हितों के अनुरूप उनका उपयोग कर रहा है। जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को भारी क्षति पहुंच रही है। चुनाव आयोग भी केंद्र के इशारों पर काम कर रहा है और एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर कई राज्यों में बड़े पैमाने पर वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। यह केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मताधिकार छीनने की एक राजनीतिक चाल है। लाखों नागरिकों को मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

### रेवंत सदबुद्धि के लिए पढ़े हनुमान चालीसा : अरूण



**राजनांदगांव।** विश्व हिन्दू परिषद् छत्तीसगढ़ के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अरूण कुमार गुप्ता ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके हैं। अपना वोट बैंक बचाने के लिए हिन्दू समाज और हिन्दूओं की आस्था पर लगातार अपमानजनक वक्तव्य दे रहे हैं। हिन्दू धर्म के भगवानों पर रेवंत की टिप्पणी का जवाब देते श्री गुप्ता ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री विक्षिप्त व्यक्ति की तरह लगातार हिन्दूओं के भगवान पर अभद्र भाषण दे रहे हैं। वो अपने वोट बैंक के लोगों को खुश करने केवल हिन्दू धर्म के भगवान का अपमान नहीं कर रहे वरन्‌ जिस हिन्दू समाज के लोगों ने उनको वोट देकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया है, उस हिन्दू समाज के लोगों का सत्ता के मद में लगातार अपमान कर रहे हैं। उनका हनुमान महाराज पर दिया गया बयान घोर निंदनीय है। रेवंत रेड्डी को हिन्दू सनातन धर्म का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं है और वे बिना सिर-पैर का बेतुका बयान देकर अपने वोट बैंक को खुश करना चाहते है, मगर वो सत्ता मद में भूल रहे हैं कि जिस हिन्दू समाज के वोट से वो मुख्यमंत्री बने हैं। वही समाज उनको मिट्टी में भी मिला सकता है। अरुण गुप्ता ने सलाह दी है कि मुख्यमंत्री रेवंत को अपनी बुद्धि को स्वच्छ, निर्मल और आस्थावान बनाने हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए, क्योंकि हनुमान महाराज बल, बुद्धि ,विद्या के दाता हैं।

### सीआरसी को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार



**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सामाजिक कल्याण निदेशालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सूरजपुर जिले में राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में दिव्यांग पुनर्वास, सशक्तिकरण तथा समावेशी विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थानों एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव को दिव्यांग सेवाओं एवं पुनर्वास में उत्कृष्टता हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार निदेशक सीआरसी डॉ. स्मिता महोबिया द्वारा ग्रहण किया गया।

### ई-पॉस मशीन से किया जा रहा निःशुल्क ई-केवाईसी

# राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का 100 प्रतिशत ई-केवाईसी की कार्रवाई तत्काल पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है। एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए सभी राशनकार्ड हितग्राहियों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है।

राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने तथा आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है, उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण ई-केवाईसी के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। जिले में संचालित



शासकीय उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध ई-पॉस मशीन से निःशुल्क ई-केवाईसी किया जा रहा है। राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी पूर्ण किया जाएगा।

#### जिले में 496 उचित मूल्य की दुकान

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 496 शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित है तथा कुल 2 लाख 60 हजार 12 राशनकार्ड प्रचलित है। प्रचलित राशनकार्ड में सदस्य के रूप में दर्ज 9 लाख 57 हजार 215 हितग्राहियों में से अब तक 8 लाख 42 हजार 987 हितग्राहियों द्वारा अपने उचित मूल्य दुकान में जाकर ई-केवाईसी का कार्य करा लिया गया है। जिले के शेष राशन कार्ड हितग्राहियों से राशनकार्ड में ई-केवाईसी सभी सदस्यों के आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-पॉस मशीन के माध्यम से तथा फेस ई-केवाईसी एप्प के माध्यम से ई-केवाईसी कराने की अपील की गई है।

## मोदी सरकार के नए श्रम कानून में मौलिक अधिकारों का हनन : शाहिद



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने केंद्र सरकार द्वारा नए श्रम कानून में बदलाव पर कटाक्ष करते कहा कि इस कानून से जहां श्रमिकों के मौलिक अधिकारों का हनन होगा। वहीं मजदूरों के छंटनी पर सरकार का नियंत्रण नहीं रहेगा, क्योंकि पहले जब कांग्रेस की सरकार ने श्रम कानून बनाया था, जहां 100 से अधिक कर्मचारी होते थे, वहां छंटनी के पूर्व सरकार की अनुमति आवश्यक थी, लेकिन अब नए कानून में 300 से कम किसी कंपनी में कर्मचारी है तो वह सरकार के बिना अनुमति के मजदूरों की छंटनी कर सकता है, जो नौकरी की अनिश्चितता के साथ अधिनायक वाद का प्रमाण है।

महामंत्री शाहिद ने कहा कि इसी प्रकार मजदूर अपनी जायज मांगों के लिए भी प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। उन्हें प्रदर्शन के 14 दिन पहले नोटिस देना होगा। नोटिस नहीं देने की दशा में हुए प्रदर्शन के लिए वे कानूनी रूप से दंड के भागी होंगे, यह मजदूरों के मौलिक अधिकारों पर सीधा-सीधा हनन है। वहीं 8 घंटे के अलावा 12 घंटे कार्य की छूट से श्रम शक्ति भी घटेगी। इस कानून में सबसे दुखद पहलू यह है कि रात्रि पाली के कार्य में महिलाओं के परिवारों जिम्मेदारियों पर विपरीत असर के साथ उनकी सुरक्षा किस प्रकार से होगी, यह भी चिंतनीय विषय है। महिला श्रमिकों के बच्चों के लिए पालना घर की भी व्यवस्था किए जाने का प्रावधान अनिवार्य नहीं है। प्रत्येक राज्य सरकार अपने श्रम कानून बनाने होंगे, जो अन्य राज्यों से भिन्न होने में श्रम कानून में असमानता घातक है।

महामंत्री शाहिद ने कहा कि इसके अलावा श्रम कानून में बदलाव सिर्फ पूंजीवादी मानसिकता और नियोजक के हितकारी और मजदूरों के साथ अन्यायकारी नीतियों से ओतप्रोत है। जबकि कांग्रेस सरकार मजदूर हित पर जोर के साथ रोजगार की सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए कर्मचारी छंटनी पर कड़ी शर्त लागू की थी, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार ने शिथिल कर दिया है, जो मजदूर साथियों के साथ घोर अन्याय है।

## मधु अहीर ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एसबीकेएफ अंतर्राष्ट्रीय खेल 14 से 17 नवंबर 2025 तक भूटान थिंपू में आयोजित किया गया था। जिसमें 9 देश ने हिस्सा लिया था। इसमें 300 खिलाड़ियों ने अपना प्रतिनिधित्व किया। जिसमें छत्तीसगढ़ राजनांदगांव की मधु अहीर ने पावर लिफ्टिंग में भाग लेकर अपना दमखम दिखाया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पावर लिफ्टिंग में मधु अहीर ने कुल 310 किलोग्राम का वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया एवं छत्तीसगढ़ राजनांदगांव का नाम रोशन किया। मधु अहीर दल्लीराजहरा के पावर लिफ्टिंग कोच वीर हनुमान पुरस्कार विजेता हरिनाथ के नेतृत्व में दल्लीराजहरा में रहकर अभ्यास करती है।



पृष्ठ 11 का शेष

### एमपी की शराब के साथ....

बसंतपुर पुलिस को मिली सफलता- ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कार में शराब का जखीरा पकड़ने में सफलता मिली है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक इब्राहिम खान, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक रूपेन्द्र साहू, राजेश बंदेश्वर, अतहर अली, आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल, जामिन्द्र वर्मा, प्रवीण मेश्राम एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### विस सत्र : अवकाश प्रतिबंधित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र 14 से 17 दिसंबर तक होगा। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने इस दौरान प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, स्थगन प्रस्तावों की जानकारी समय-सीमा में भेजने अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने कहा है। अधिकारी-कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर नहीं जाने एवं न ही मुख्यालय से बाहर रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को अपने कार्यालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा उनके नाम, पदनाम, दूरभाष नंबर एवं मोबाइल नंबर की जानकारी तत्काल प्रेषित करने कहा है। कार्यालयीन दिवसों के अतिरिक्त कार्यालय में अवकाश के दिनों में भी पर्याप्त लिपिक एवं भृत्य की ड्यूटी भी सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

## आयुक्त ने लिया साफ-सफाई का जायजा

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन की तरह सुबह आकस्मिक रूप से लखोली, राहुल नगर एवं गौरीनगर में पहुंचकर पेयजल आपूर्ति व साफ-सफाई का जायजा लेकर वार्डवासियों से चर्चा की।

मूलभूत सुविधा सफाई, पानी, बिजली की वार्डों में व्यवस्था देखने प्रतिदिन की तरह लखोली में सुबह पेयजल सप्लाई देख आयुक्त विश्वकर्मा लोगों से चर्चा की। कंचनबाग टंकी में पानी कम मात्रा में भरने तथा नल में पर्याप्त पानी नहीं आने की शिकायत पर उन्होंने वालमेन से कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पानी सप्लाई क्षेत्र में घूमकर पाईप लाइन की जांच करें, गंदे पानी, कम पानी आने या किसी प्रकार की कमी पर संबंधित अधिकारी को अवगत कराएं। इसी प्रकार उन्होंने गौरीनगर में पानी सप्लाई देख अमृत मिशन के अव्यवस्थित पाईप लाइन को व्यवस्थित करने कहा।

पेयजल सप्लाई के अलावा साफ-सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहुल नगर में लोगों से सफाई संबंधी चर्चा कर घर का कचरा रोड, नाली में न डालकर घर-घर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दी। उन्होंने घर के आसपास साफ-सुथरा रखने, वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने सहयोग करने कहा तथा सार्वजनिक शौचालय एवं तालाबों के आसपास साफ-सफाई रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार आयुक्त ने गौरीनगर में साफ-सफाई निरीक्षण कर प्रतिदिन सुबह समय में उपस्थिति लेकर उपस्थित कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करें।




